26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 22 दिसम्बर, 2025

अंक- 59 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# दीनी जलसे से लौट रहे चार लोगों की दुर्घटना में मौत



मृतकों के फाइल फोटो।

## ग्राम अभिपुरा के पास डम्पर में घुसी क्रेटा कार

बिजनौर (चिंगारी)। गत रात्रि जनपद के नांगल सोती क्षेत्र पर ग्राम अभिपुरा के सामने तेज रफ्तार क्रेटा अनियंत्रित होकर सामने जा रहे डम्पर में घुस गई। इस हादसे में कार में सवार चारों व्यक्तियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। क्रेटा में सवार व्यक्ति एक दीनी जलसे में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया।

**नांगल सोती संवाददाता** के अनुसार गत रात्रि 11.15 बजे नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा में स्थित पेट्रोल पम्प के नजदीक मंडावली की ओर से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी संख्या एचआर 26 ईएन 5498 अनियंत्रित होकर उसी दिशा में जा रहे डम्पर में पीछे से घुस गई। इस भीषण दुर्घटना में क्रेटा में सवार चारों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। आगे बैठे व्यक्तियों की मृत्यु बेहद दर्दनाक थी। मृतकों में कारी इकबाल अहमद ( 76 वर्ष ) निवासी ग्राम सराय आलम थाना नांगल जनपद बिजनौर तथा हाजी अशफाक उर्फ बाबू ( 65 वर्ष), एहतेशाम (20 वर्ष) पुत्र हाजी मौ. एहसान व सलाउद्दीन (26 वर्ष) पुत्र मौ. मुमताज निवासीगण ग्राम राहतपुर खुर्द थाना मंडावली जनपद बिजनौर शामिल हैं। गाड़ी सलाउद्दीन चला रहा था, जो एक स्कूल में अपने मैजिक से बच्चे ले जाने का काम करता था। दुर्घटना के बाद डम्पर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के कुछ मिनटों बाद ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों को एम्बुलेंस द्वारा बिजनौर भिजवाया। उधर हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। पुलिस ने डम्पर को अपने कब्जे में लेते हुए थाने पर लाकर खड़ा कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि जांच में सामने आये तथ्य के अनुसार क्रेटा गाड़ी ओवर स्पीड थी और उसने डम्पर में पीछे से टक्कर मारी है। शवों के पोस्टमार्टम कराये जा रहे हैं।



बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त क्रेटा गाड़ी

### राहतपुर में था जलसा

कल मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम राहतपुर खुर्द की जामा मस्जिद में दीनी जलसे का आयोजन किया गया था। जलसे का समापन होने पर राहतपुर खुर्द के हाजी अशफाक उर्फ बाबू, एहतेशाम तथा सलाउद्दीन, सराय आलम निवासी वृद्ध कारी इकबाल अहमद को उनके घर ग्राम सराय आलम छोड़ने जा रहे थे। क्रेटा गाड़ी हाजी अशफाक की थी, जिसे सलाउद्दीन चला रहा था। सराय आलम से चार किलोमीटर पहले यह दर्दनाक हादसा हुआ।

### परिजन नहीं चाहते कानूनी कार्रवाई

सड़क दुर्घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा फैली कि डम्पर मिट्टी से भरा हुआ था तथा अवैध खनन में संलिप्त था। डम्पर से एक निर्माणाधीन बैंकेट हॉल में मिट्टी भराव किया जा रहा था। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक का कहना है कि डम्पर खाली था। डम्पर को दुर्घटना के बाद ही कब्जे में लेकर थाने पर लाकर खड़ा कर दिया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतकों के परिजन इस सम्बन्ध में कोई कानूनी कार्यवाही करना नहीं चाहते हैं। वे पोस्टमार्टम भी नहीं कराना चाहते थे, लेकिन शवों के पोस्टमार्टम कराये जा रहे हैं।

## विधानसभा में कफ़ सिरप को लेकर समाजवादी पार्टी का हंगामा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा विधायक अतुल प्रधान हाथों में पोस्टर और होर्डिंग लेकर विधानसभा पहुंचे। हंगामे को विधानसभा अध्यक्ष ने शांत कराया जिसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरु हो गयी। अतुल प्रधान के एक पोस्टर में कफ सिरप की तस्वीर के साथ सिपाही आलोक सिंह के घर की फोटो लगी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित मामले में बुलडोजर कार्रवाई कब की जाएगी। वहीं, एक अन्य पोस्टर में लैंड क्रूजर वाहन की तस्वीर दिखाते हुए उन्होंने पूछा कि कथित तौर पर माफिया से जुड़ी इस गाड़ी को कब जब्त किया जाएगा। इस पोस्टर के जरिए उन्होंने धनंजय सिंह पर निशाना साधा। अतुल प्रधान अपने साथ सीटियां भी लेकर आए और लगातार सीटियां बजाईं। उन्होंने कहा कि यह विरोध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की आवाज दबाए जाने के खिलाफ है और यह उसी घटना का प्रतीकात्मक विरोध है। उन्होंने एक तस्वीर दिखाते हुए दावा किया कि यह विभोर राणा की है, जिनके आवास पर हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा था और 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित अवैध लेन-देन का मामला सामने आया है।

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाऐं :

- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24X7 आपातकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

## योगी सरकार ने विधानसभा में पेश किया 24496.9 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया। सरकार की तरफ से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार 24 496.9 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश करती है। सदन में बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार ने हमेशा अपने विजन के अनुसार ही काम किया है। सरकार ने अनुपूरक बजट को चर्चा के लिए सदन के पटल पर रखा।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक- साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनैतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# ताजपुर का 'ताजमहल'

## 112 वर्ष पुराना चर्च

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** जिले की सांस्कृतिक धरोहरों में चूना कली से प्रेमिडनुमा आकृति में बना 112वर्ष पुराना ताजपुर का चर्च अपनी आकर्षक बनावट, प्रेम व सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक के रूप में एशिया के नामचीन गिरजाघरों में शुमार है। इसको ताजपुर के ताजमहल के नाम से भी जाना जाता है। दूर-दूर से लोग इसको देखने के लिए यहां आते हैं। क्रिसमस डे के मद्देनजर चर्च कैंपस को सजाया जा रहा है। क्रिसमस की विशेष प्रार्थना 24 दिसम्बर की रात्रि में व 25 दिसंबर को प्रातः 8 बजे चर्च में धर्मबंधुओं के साथ होगी। क्रिसमस पर यहां पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सायं 5 बजे तक भव्य क्रिसमस मेला लगेगा।



बिजनौर जिले की नामचीन रियासत राजा का ताजपुर में कड़ुला नदी के तट पर स्थित यह सुंदर गिरजाघर 12 एकड़ भूमि में आम के हरे-भरे बागों के बीच वास्तुकला के बेजोड़ नमूने के रूप में प्रेमिडनुमा आकृति में कली चुने की सुर्खी से बना हुआ है। इस गिरजाघर के दो संस्थापक हैं। राजा प्रताप सिंह के पुत्र राजा श्याम सिंह रिख व राजा शिवनाथ रिख। दोनों भाइयों ने इंग्लैंड में शिक्षा प्राप्त की तथा चर्च ऑफ इंग्लैंड के सदस्य बन गये। राजा श्याम सिंह रिख की पहली पत्नी की मृत्यु के बाद फादर रोमुलस की सलाह पर इन्होंने मैंगलूर के ईसाई परिवार की कुमारी माग्रेट मेरी से शादी की। उनके लिए 18 दिसंबर 1913 को इस गिरजाघर का निर्माण कराया गया। चर्च में राजा-रानी दोनों की संगमरमर से बनी समाधी है। इस गिरजाघर की खूबसूरत ऊंची वेदी का निर्माण फ्लोरेंस निवासी विश्व प्रसिद्ध मूर्तिकार जो जप्पे कतानी चिनती ने किया था। यह ऊंची वेदी सांकेतिक डिजाइनों से सजी हुई है। हर भाषा में प्रभु येशु लिखा हुआ है। छत पर गोल्डन पालिश सबको आकर्षित करता है। इसके अंदर बना प्रभु येशु का आकर्षक चित्र हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। सूरज की किरणें इसमें इंद्रधनुष के रंग बिखेरती हैं। इस गिरजाघर को ताजपुर का ताजमहल के नाम से भी जाना जाता है। इसमें तीन इटालियन घंटे हैं जो विशेष अवसर पर प्रार्थना के समय बजाये जाते हैं। चर्च के अस्पताल में बहुत पहले से सांप के काटने का इलाज किया जाता है। इस चर्च के माध्यम से कभी धर्म परिवर्तन जैसी मान्यताओं को स्थान नहीं दिया गया।

### क्रिसमस डे पर लगता है मेला

क्रिसमस डे पर यहां भव्य मेला लगता है। चर्च में क्रिसमस की विशेष झांकी सजाई जाती हैं। फादर सैमुअल ने एक जानकारी में बताया कि क्रिसमस की विशेष प्रार्थना 25 दिसंबर को प्रातः 8 से 10 बजे तक होगी, जिसमें केवल धर्मबंधु भाग लेंगे। इसके बाद चर्च को सायं 5 बजे तक आमजन के दर्शन के लिए खोला जाएगा।

**प्रस्तुतिः स. कमलजीत सिंह नूर**

# चेयरमैन मन्नान के भाई के वलीमे की दावत में उमड़ा जनसैलाब

**किरतपुर ( चिंगारी )।** चेयरमैन अब्दुल मन्नान के छोटे भाई मोहम्मद शादान के दावते वलीमा में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसमें स्थानीय लोगों से लेकर लखनऊ तक के राजनीतिज्ञ ने भाग लेकर दूल्हा-दुल्हन को दुआओं से नवाजा। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं व बच्चों ने भी हजारों की तादाद में भाग लिया।



कल मोहम्मद शादान की शादी किरतपुर के मौहल्ला अंसारियान निवासी सेठ इरशाद अहमद अंसारी की बेटी डॉक्टर आयशा के साथ धूमधाम से नगर के एक बैंक्वेट हाल में सम्पन्न हुई। रविवार की दोपहर मौहल्ला राधगान के विशाल मैदान के सुसज्जित व व्यवस्थित पंडाल में नगर ग्रामीण क्षेत्रों व जनपद के कौने- कौने व बाहर से आए मेहमानों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुल्तानपुर के विधायक संतोष पांडेय, यूट्यूबर व युवाओं व बच्चों के स्टार मौहम्मद कैफ, विधायक मनोज पारस, सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद साईम राजा, शेख जाहिद हुसैन, हसन मुस्तफा, रिजवान, वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी सिंह, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व चेयरमैन शहर बिजनौर शमशाद अंसारी,भाजपा नेता नरेश कालरा, मंडावर पूर्व चेयरमैन अदनान, वीरेंद्र प्रधान, धनंजय सिंह, प्रभा चौधरी जिलाध्यक्ष महिला सभा, डॉक्टर शिव प्रताप, डॉक्टर नजाकत हुसैन मिर्ज़ा, हाजी इसरार अहमद सलमानी, शोएब चौधरी, भाजपा नेता सुभाषचंद्र शर्मा, शेरबाज पठान चेयरमैन चांदपुर, महमूद कुरैशी, सुधीर पाराशर, मनोज कुमार जज, धनीराम सिंह पूर्व मंत्री, पूर्व चेयरमैन नजीबाबाद मोअज्जम खान, आदिल जैदी, पूर्व चेयरमैन नहटौर राजा अंसारी, अशेष पारस, सुंदर गोयल, उद्योगपति प्रमोद गोयल, अरुण कुमार भट्टे वाले, पुरुषोत्तम कुमार उर्फ बब्बी, डॉक्टर रमेश तोमर, संजीव मलिक, नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मोअज्जम, डॉक्टर राहुल देशवाल बिजनौर, चेयरमैन अफजलगढ़ जावेद विकार, स्योहारा चेयरमैन फैसल वारसी, नगीना चेयरमैन शाहनवाज़ खलील, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख ज़किर हुसैन, मदनलाल सैनी, डाक्टर रहमान, अहमद खिज़र खान, पत्रकार फहीम शेख, मुनव्वर सोनू, अफ़ज़ाल उल हक, कसीम कुरैशी, महमूद कस्सार सहित जिले के अनेक चेयरमैन, मीडिया कर्मी, राजनीतिक, सामाजिक, डॉक्टर्स, मास्टर्स, एडवोकेट्स, राजकीय ठेकेदार, उद्योगपति व आम जनता ने कार्यक्रम में शिरकत कर दुलहा-दुल्हन को नेक दुआओं से नवाजा। चेयरमैन अब्दुल मन्नान व उनके भाई मौहम्मद फैजान ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

### सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी, दुआ करता है चिंगारी

उल्लेखनीय है कि इस शादी की तैयारियां काफी दिनों पहले से चल रही थीं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार शादी में लगभग 40 हजार लोगों के खाने का इंतजाम किया गया था, जिसके लिए लगभग 50 बीघा जमीन को समतल कर उस पर सुंदर व आकर्षक टैंट लगाया गया था, जिसमें दोनों समुदायों के लोग शामिल हुये। हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिली। सूत्रों के अनुसार ऐसी ऐतिहासिक शादी नगर में पहली बार हुई है। इस शादी की चर्चाएं नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से होती हुई जनपद के कौने-कौने तक फैली हुई थीं। चिंगारी परिवार नवयुगल के सुखमय जीवन की कामना करता है।

# मौसम चौधरी लंदन से लौटे, स्वागत को उमड़े बड़े और छोटे

## जौलीग्रांट से बिजनौर तक हुआ अभूतपूर्व स्वागत




**बिजनौर ( चिंगारी )।** लंदन के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ लॉर्डर्स में ग्लोबल इनोवेशन एण्ड लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित होकर लौटे वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी का उनके समर्थकों, प्रशंसकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया।

मौसम चौधरी के स्वागत के लिये लोग जौलीग्रांट हवाई अडडे से लेकर बिजनौर में उनके कैम्प कार्यालय तक उमड़ पड़े। रास्ते में दर्जनों स्थानों पर लोग हाथों में फूलमालाएं लिये खड़े रहे। लगभग 200 गाड़ियों के काफिले के साथ मौसम चौधरी का काफिला कई घंटों में जौलीग्रांट से बिजनौर पहुंचा। लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान और महिलाओं सहित सभी वर्गों के व्यक्ति शामिल रहे। अपने स्वागत से अभिभूत होकर मौसम चौधरी ने कहा कि समर्थकों/कार्यकर्ताओं का प्यार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प को सिद्ध करते हुए अब एक नई ऊर्जा के साथ बिजनौर विधानसभा क्षेत्र को विकास पथ पर आगे बढ़ाते हुए नये आयाम स्थापित करेंगे।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.




कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

Siddharth Jewellers
SJ
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं
अन्य सेवाएं–
➤100 गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

**भली लगे या बुरी...**

## भारत में मानवाधिकार

मानवाधिकारों के प्रति भारत की निष्ठा संविधान के विविध प्रावधानों में यूं तो स्पष्ट देखी जा सकती है, लेकिन यथार्थ के धरातल पर उन्हें निश्चित करना आसान नहीं है। आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति आधारित भेद तो व्याप्त हैं ही, इसके अलावा शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता से ग्रस्त लोग, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद के शिकार हुए लोग अपना अस्तित्व ढूंढ रहे हैं। भारत के अनेक मनोचिकित्सालय लंबे समय से अंधकारपूर्ण बंदीगृह बने हुए हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा करने और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने, मानसिक रूप से विकलांग लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा और उनका पुनर्वास संभवतः सबसे चिंतनीय प्रसंगों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट सहित कई अन्य स्वतंत्र रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि भारत में विभिन्न मनोचिकित्सालयों में मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के साथ कई स्तरों पर अमानवीय व्यवहार हो रहा है। वैश्विक रिपोर्ट 'इक्वेलिटी एट वर्क टैकलिंग द चैलेंज' में इस बात का खुलासा है कि यद्यपि भारत में अन्य एशियाई देशों की तुलना में कार्यस्थलों पर भेदभाव कम होता है, लेकिन जातियों के आधार पर भेदभाव की समस्या अब भी गंभीर है। संयुक्त राष्ट्र के अध्ययन के मुताबिक देश के 11 राज्यों के 565 गांवों में कराये गए सर्वे से यह बात सामने आई है कि हर तीन दिन में औसतन एक दलित महिला के साथ दुष्कर्म होता है। हर हफ्ते पांच दलितों के घर जलाए जाते हैं और 13 दलितों की हत्या होती है। करीब 38 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में दलित बच्चों को दोपहर का भोजन अक्सर अलग बैठा कर कराया जाता है। लगभग 50 प्रतिशत गांवों में दलितों को सार्वजनिक जनस्त्रोतों से पानी नहीं भरने दिया जाता है।

## नरेन्द्र अग्रवाल ने दिया इस्तीफा

धामपुर (चिंगारी)। शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पदेन अध्यक्ष/जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में विद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन सदस्य नरेंद्र कुमार अग्रवाल (खैराती )ने स्वास्थ्य कारणों से उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि विद्यालय के प्रबंधक को भी प्रेषित की है।

# अमीरों की जीवनशैली, प्रदूषण का बोझ और ग़रीबों की त्रासदी



▶▶ ललित गर्ग

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आज जिस घातक पर्यावरण संकट से गुजर रही है, वह केवल एक शहर की समस्या नहीं, बल्कि पूरे देश के लिये चेतावनी है। विडंबना यह है कि इस संकट के नाम पर जो तात्कालिक उपाय लागू किए जाते हैं, उनका सबसे बड़ा खामियाजा वही तबका भुगतता है, जिसकी इसमें सबसे कम भूमिका होती है-गरीब और श्रमिक वर्ग। इसी पीड़ा को शब्द देते हुए सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि अमीरों की जीवनशैली से पैदा हुई मुश्किलों का सामना ग़रीबों को करना पड़ता है। यह टिप्पणी न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और नैतिक चेतना को झकझोरने वाली भी है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह मर्मस्पर्शी टिप्पणी की। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्यायमित्र अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर करते हुए अदालत ने स्पष्ट कहा कि ग्रैप-4 जैसी सख्त पाबंदियों का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर पड़ता है। निर्माण कार्य रुकते हैं, दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी ठप हो जाती है, जबकि प्रदूषण पैदा करने वाली जीवनशैली में शामिल संपन्न तबके पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ता। मुख्य न्यायाधीश ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या की जड़ अमीरों की जीवनशैली है और समाधान भी वहीं से शुरू होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत ऐसे प्रभावी और लागू करने योग्य आदेश पारित करेगी, जिन्हें जरूरत पड़ने पर सख्ती से लागू भी किया जा सकेगा।



जस्टिस सूर्यकांत का कहना था कि महानगरों में लोगों की अपनी अलग जीवनशैली होती है, जिन्हें वे बदलना नहीं चाहते। यही वजह है कि समस्या अमीरी की वजह से होती है, लेकिन झेलना गरीब को पड़ता है। दरअसल, अदालत की सोच रही है कि हमारा परिवेश-पर्यावरण साफ-सुथरा रहे, इसके लिये हम सबको अपने कुछ सुखों का त्याग करना होगा, अपने जीवन को पर्यावरण के अनुकूल ढालना होगा एवं प्रकृति-एवं पर्यावरण के प्रति सकारात्मक रवैया अपना होगा। यह जानते हुए कि पर्यावरण पर आने वाले संकट व प्रदूषित हवा का अमीर-गरीब पर समान असर पड़ता है, फिर भी अमीर लोग इससे बेपरवाह रहते हैं। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने समाज की दुखती रग पर हाथ रखा है। चौड़ी होती सड़कें, नये फ्लाईओवर और हाईवे बनने के बावजूद जाम और प्रदूषण कम नहीं हो रहे। कारण साफ है निजी वाहनों का बेहिसाब इस्तेमाल। एक व्यक्ति, एक कार का चलन न केवल सड़क की जगह घेरता है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी कई गुना बढ़ाता है। कभी ऑड-इवन जैसी योजनाओं पर चर्चा हुई, कार-पूलिंग की बात चली, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुगम और भरोसेमंद बनाने की इच्छाशक्ति लगातार कमजोर रही।

> **सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है।**

आज एसी, कूलर और अन्य वातानुकूलन साधनों का बढ़ता उपयोग भी पर्यावरण संकट को गहराता जा रहा है। इससे बिजली की खपत बढ़ती है, तापमान में वृद्धि होती है और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषण का दायरा फैलता है। उद्योगों में भी पर्यावरणीय नियमों का ईमानदार पालन नहीं होता। जल संकट इसका एक और क्रूर उदाहरण है-जहां झुग्गी-बस्तियों में पीने के पानी की किल्लत है, वहीं पॉश कॉलोनियों में लॉन सींचे जाते हैं, कारें धुलती हैं और स्विमिंग पूल भरे रहते हैं। कुदरत ने हवा, पानी और संसाधन सभी के लिये दिये हैं, लेकिन अमीरी के असमान दखल ने इनके वितरण को अन्यायपूर्ण बना दिया है। राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तो करते हैं, लेकिन ठोस और दीर्घकालिक समाधान सामने नहीं आते। अब समय आ गया है कि सरकार और जनता-दोनों अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं। सरकार को सार्वजनिक परिवहन को मजबूत, सस्ता और आकर्षक बनाना होगा, उद्योगों पर पर्यावरणीय नियमों का कड़ाई से पालन कराना होगा और शहरी विकास की नीतियों को पर्यावरण-संवेदनशील बनाना होगा। वहीं जनता को भी अपनी जीवनशैली पर पुनर्विचार करना होगा-अनावश्यक वाहन उपयोग से बचना, ऊर्जा की खपत कम करना, एसी और अन्य सुविधाओं का संयमित इस्तेमाल करना और साझा संसाधनों के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना होगा।

विडंबना यह है कि सत्ताधीशों ने दिल्ली में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट को सशक्त करने को प्राथमिकता नहीं दी। यदि सार्वजनिक परिवहन सस्ता व सहज उपलब्ध होता तो शायद सड़कों पर कारों का दबाव कम होता। हाल के दिनों में संपन्न व मध्यम वर्ग में एसी व अन्य वातानुकूलन उपायों के उपयोग का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इससे जहां प्रदूषण बढ़ाने वाली बिजली की खपत बढ़ी है, वहीं बाहर का तापमान व कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा है। इसी तरह तमाम अमीरों द्वारा संचालित उद्योगों में उन उपायों का ईमानदारी से पालन नहीं किया गया, जो पर्यावरण में प्रदूषण कम करने में सहायक होते हैं।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस बढ़ते वायु प्रदूषण की त्रासदी का बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है। वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे, बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे।

# नगरपालिका प्रशासन हरकत में आया बाज़ार की सड़क से अतिक्रमण हटाया

**नूरपुर (चिंगारी)।** रविवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर नगर के मुख्य बाजार की सड़क के दोनों ओर पटरियों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। पालिका लिपिक वीर सिंह के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण हटाने बुलडोजर लेकर पहुंची पालिका प्रशासन की टीम को देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बुलडोजर को देखकर स्थायी दुकानों के सामने अवैध रूप से फड़ लगाए बैठे दुकानदारों ने खुद ही नाले व सड़क पर रखे अपने तख्त उठाने शुरू कर दिये। कुछ अतिक्रमणकारियों के सामान को पालिका प्रशासन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर कब्जे में ले लिया। बता दें कि नगर में धामपुर चौक से लेकर शिव मंदिर चौक तक मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर दुकानों के सामने अवैध रूप से लगे फड़ वालों की वजह से नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। मार्ग के बीच बने डिवाइडर के बीच में खड़े दुपहिया वाहनों, फलों के ठेलों, ई-रिक्शा व चौपहिया वाहनों के आवागमन से भी जाम की स्थिति पैदा हो रही है। हालांकि शिव मंदिर चौक पर पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी इस व्यस्त मार्ग पर भी ई-रिक्शा, चौपहिया वाहनों के आवागमन को रोकने की कोशिश नहीं करते। नगर में गांव देहात से आने वाले ग्राहकों को खरीदारी में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस अवसर पर वीर सिंह, हिमांशु, खुर्शीद अहमद, सुशील कुमार, सलीम, साबिर आदि मौजूद रहे। अभियान के संबंध में ईओ संतोष मिश्र ने बताया कि अभियान अभी और चलेगा।



अवैध अतिक्रमण हटाते पालिकाकर्मी।

# वाहनों में ओवर हाइट या बॉडी से अधिक गन्ना न भरने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बिजनौर गौरी शंकर ठाकुर द्वारा उत्तम शुगर मिल, बरकातपुर में गन्ना परिवहन में संचालित वाहनों के प्रति प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही उनके द्वारा प्रत्येक वाहन चालक को निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहन में ओवर हाइट या बॉडी से अधिक गन्ने की ढुलाई न करें, बॉडी से अधिक मात्रा में संचालित करने पर वह बाहर की ओर चारों तरफ से निकलकर मार्ग पर गिरता है, जिससे अन्य वाहन चालकों खासकर दो पहिया वाहन चालक, कार चालक को वाहन चलाते समय समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं। उक्त अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के साथ संयुक्त रूप से यातायात प्रभारी रवि नयन एवं उनकी टीम ने भी कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त वहां मौजूद वाहन चालकों एवं शुगर मिल प्रबंधक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहनों में पीछे की ओर रिफ्लेक्टर युक्त 4 मीटर लाल साटन कपड़ा लगाकर ही वाहन का संचालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही स्कूली वाहनों के संचालन के समय, गन्ना ट्रकों के संचालन को गन्ना सेंटर से कम करें। मिल प्रबंधन द्वारा इन सभी मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गयी।

# वांछित अभियुक्त इशरत अली गिरफ्तार

**स्योहारा (चिंगारी)।** पुलिस ने एक गंभीर आपराधिक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मामला 27 नवंबर का है, न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वादी की तहरीर प्राप्त हुई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि इशरत अली निवासी ग्राम मेवा नवादा थाना स्योहारा ने अपने अन्य पांच साथियों के साथ मिलकर षड्यंत्र के तहत वादी की बहन के साथ प्रताड़ना की और हत्या कर दी। आरोप यह भी था कि हत्या के बाद मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचनात्मक कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान गवाहों के बयान, घटनास्थल का निरीक्षण, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कुछ धाराओं को हटाते हुए धारा 108 बीएनएस की वृद्धि की। जांच में अन्य नामजद पांच व्यक्तियों की भूमिका झूठी पाए जाने पर उन्हें आरोपमुक्त किया गया। पुलिस ने बताया कि रविवार को थाना स्योहारा पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त इशरत अली को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# फ्लाइंग ऑफिसर बने यश वंशीलाल समिति ने स्वागत किया बेमिसाल



**बिजनौर (चिंगारी)।** भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने गांव झीरन निवासी डॉ. चंद्रपाल सिंह भुइयार के पुत्र यश वंशीवाल को भारतीय वायु सेवा में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर उन्हें सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से ही समाज व राष्ट्र का विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यश वंशीवाल युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। इस मौके पर यश वंशीवाल के माता-पिता को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

गांव झीरन में मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार, महामंत्री केशव शरण, कोषाध्यक्ष मास्टर तेजपाल सिंह, गिरिराज सिंह, उमेश सिंह, कार्मेंद्र सिंह ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर यश वंशीवाल ने कहा कि छात्र लक्ष्य को निर्धारित कर तैयारी करें तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं होती। कार्यक्रम में पूर्व प्रबंधक डालचंद, पूर्व प्रवक्ता दयाराम सिंह, हरि प्रकाश सिंह, दीपक कुमार भुइयार, टीकम सिंह भुइयार, मास्टर ज्ञान सिंह, राहुल कुमार, नवीन बंसीवाल आदि ने विचार रखे।

# 'हड्डी' के विरुद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**नूरपुर (चिंगारी)।** कस्बे के मोहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह प्रार्थना करने धार्मिक स्थल जा रही थी, इस दौरान कस्बे के मोहल्ला मोहम्मदनगर निवासी युवक शादाब उर्फ हड्डी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला ने बताया कि उक्त युवक अन्य महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ कर चुका है। पुलिस ने पीड़िता की की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# पड़ रही कड़ाके की ठण्ड, 40 लोगों के लिये कंबल लेकर पहुंचा मुस्लिम फण्ड

**हल्दौर (चिंगारी)।** मुस्लिम फंड हल्दौर द्वारा भीषण ठंड, कोहरे व शीतलहर से बचाव हेतु नगर व क्षेत्र के 40 जरूरतमंद लोगों को कबंल वितरित किये गये। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने मुस्लिम फंड के कार्यों की सराहना करते हुए इसे पुण्य का कार्य बताया।

यहां स्थित मुस्लिम फंड बसी किरतपुर की शाखा हल्दौर द्वारा रविवार को कबंल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें फण्ड की प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष मौ. साइम राजा ने बताया कि मुस्लिम फण्ड द्वारा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर विभिन्न प्रकार की सुविधा निःस्वार्थ भाव से मुहैया कराई जा रही हैं, साथ ही भरोसेमंद बैंकिग सुविधा उपलब्ध कराना एक जिम्मेदारी का कार्य है। उन्होंने बताया कि मुस्लिम फंड की शिक्षण संस्थानों में गरीब बच्चों को फ्री शिक्षा दी जाती है और वह बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपने मां-बाप व हमारा नाम रोशन करते रहे हैं।



फण्ड के जनरल मैनेजर शेख अकीलुद्दीन ने मुस्लिम फण्ड द्वारा किये जा रहे शिक्षा, स्वास्थ्य व बैंकिग आदि विभिन्न समाजिक कार्यों पर रोशनी डाली। मदीना जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई व मोती वाली मस्जिद के इमाम मौलाना मौहम्मद इरशाद ने मुस्लिम फंड द्वारा समाज हित में किया जा रहे कार्यों की भरपूर प्रशंसा की। इस मौके पर फंड के सेक्रेटरी मुंशी हसीनुद्दीन, कोषाध्यक्ष यामीन अंसारी, मौ.मरगूब, पप्पू जैदी, मौ.रफीक, शाखा प्रबंधक रफाउल इस्लाम, डा. मुश्ताक अहमद, अशरफ हक्कानी एडवोकेट, डा. शहजाद फरीदी, गौरव कुमार, खजांची मा. अंजार अंसारी आदि उपस्थित रहे। फंड के शाखा प्रबंधक रफाउल इस्लाम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# कॉलेज में पुलिस बल पहुंचने पर अग्रवाल सभा में हुआ चुनाव

## विजय अग्रवाल चुने गये अध्यक्ष, मंत्री बने विपिन अग्रवाल



धामपुर महिला शिक्षा सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर महिला शिक्षा सभा के त्रिवार्षिक चुनाव में कल उस समय विवाद की स्थिति पैदा हो गई जब सभा के आजीवन सदस्य अजय माहेश्वरी ने जिलाधिकारी से शिकायत कर चुनाव स्थगित करने की मांग की, जिस पर नगर के कन्या इंटर कालेज में रविवार को होने वाले महिला शिक्षा सभा के चुनाव से पहले ही पुलिस बल वहां पहुंच गया और निर्वाचन की प्रक्रिया को रुकवा दिया। लेकिन विवाद की स्थिति के बीच स्थान परिवर्तित करके सभा का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें विजय कुमार अग्रवाल अध्यक्ष और विपिन अग्रवाल मंत्री चुने गए।

नगर के कन्या इंटर कालेज में रविवार को धामपुर महिला शिक्षा सभा का त्रिवार्षिक चुनाव होना था। लेकिन उसके स्थान पर नहटौर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन संपन्न कराने के लिए नगीना के एडवोकेट दीपक सक्सेना को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था, जबकि दो सहायक चुनाव अधिकारी शोएब अहमद व अजय कुमार भी शामिल रहे।

### यह चुने गए पदाधिकारी

निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान किसी अन्य दावेदार द्वारा अपना नाम प्रस्तावित ने किए जाने पर सर्वसम्मति से धामपुर निवासी विजय कुमार अग्रवाल-अध्यक्ष, उमेश कुमार-उपाध्यक्ष, विपिन अग्रवाल- मंत्री, संजय कुमार अग्रवाल मुनिया- उप मंत्री, राजीव गोयल-कोषाध्यक्ष चुने गए। इनके अलावा सात कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वश्री नेमीशरण, आशु कुमार, पुनीत कुमार गर्ग, कुलभूषण माहेश्वरी, संजीव कुमार, राहुल अग्रवाल ईमानी और राकेश चंद्र चुने गए।

### 145 सदस्य शामिल हुए

चुनाव अधिकारी दीपक सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि महिला शिक्षा सभा में कुल 302 सदस्य थे, जिनमें से 25 की मृत्यु हो चुकी है। जिसके चलते 277 सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया में शामिल होना था। चुनाव प्रक्रिया में 145 सदस्य शामिल हुए। जबकि चुनाव प्रक्रिया के लिए सदस्यों के कोरम की संख्या 138 थी। उससे अधिक सदस्य शामिल होने पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।

### पहले से तैनात थी पुलिस

विवाद की स्थिति व स्थान परिवर्तित करने के संबंध में चुनाव अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी से शिकायत व चुनाव स्थगित करने संबंधी कोई सूचना उनके पास नहीं है। कन्या इंटर कालेज में ही चुनाव संपन्न होना था, लेकिन जब वह सुबह वहां पहुंचे तो वहां पहले से ही पुलिस तैनात थी और वहां के ताले भी नहीं खुलवाए गए थे, जिसके चलते अंतिम समय में स्थान परिवर्तित किया गया। और अग्रवाल सभा में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

### अजय माहेश्वरी ने चुनाव स्थगित करने की मांग की

धामपुर महिला शिक्षा सभा के चुनाव को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। महिला शिक्षा सभा के एक आजीवन सदस्य अजय माहेश्वरी ने 18 दिसंबर को डीएम से शिकायत कर चुनाव को स्थगित करने की मांग की थी, लेकिन इस संबंध में कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ। जबकि किसी भी विवाद की स्थिति को देखते हुए कन्या इंटर कालेज में पुलिस तैनात की गई थी। लेकिन दूसरे स्थान पर चुनाव प्रक्रिया होने से कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

### सीओ ने कहा...

सीओ अभय कुमार पांडे ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के चलते ही कन्या इंटर कॉलेज में पुलिस तैनात की गई थी, स्थान परिवर्तन के संबंध में कोई सूचना नहीं है।

### जमकर छोड़ी गई आतिशबाजी

धामपुर महिला शिक्षा सभा के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद विजय कुमार के परिजनों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने अग्रवाल सभा परिसर में जमकर आतिशबाजी की।

### जो पहले विरोध में थे, कल साथ नज़र आये

धामपुर महिला शिक्षा सपा के अध्यक्ष विजय कुमार कई वर्षों तक एसबीडी महिला महाविद्यालय के व्यवस्थापक रहे। कुछ माह पूर्व हुए एसबीडी महिला महाविद्यालय की प्रबंध समिति के चुनाव में जो सदस्य विजय कुमार से नाराज थे, कल संपन्न हुए चुनाव में वही सदस्य उनके साथ नजर आए।

### नरेन्द्र गुप्ता का मौजूद न रहना चर्चा का विषय

धामपुर महिला शिक्षा सभा के निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गुप्ता का कल हुए निर्वाचन के दौरान मौजूद न रहना कोतूहल का विषय बना रहा। नरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा ही निर्वाचन से संबंधित सूचना जारी की गई थी। परंतु वह कल निर्वाचन के दौरान अग्रवाल धर्मशाला में नहीं पहुंचे। इस संबंध में नरेंद्र कुमार गुप्ता ने चिंगारी को बताया कि उनकी फैक्ट्री में पूर्व से निर्धारित पूजन कार्यक्रम था जिस कारण उन्हें वहां जाना पड़ा और वह निर्वाचन में शामिल नहीं हो पाए।

# पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को ध्यान कराया

**धामपुर( चिंगारी )।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कुल लगभग तीन दर्जन प्रतिभागियों ने सहभागिता की। ध्यान सत्र का आयोजन पूर्वी एसपी कार्यालय में किया गया। इस सत्र का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को मानसिक शांति, तनावमुक्ति एवं आंतरिक संतुलन का अनुभव कराना रहा, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक सजगता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कर सकें। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने ध्यान की सरल तकनीकों के माध्यम से गहरी शांति, एकाग्रता एवं मानसिक स्पष्टता का अनुभव किया। उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ध्यान सत्र का मार्गदर्शन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक लवी अग्रवाल एवं सौरभ अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में पूर्व एसपी धामपुर अमित किशोर श्रीवास्तव सहित पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनमें मृदुल कुमार, हितेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, प्रदीप खोखर, प्रदीप कुमार, मोहित, रविंदर, फारूक अली, शिशुपाल, सराफत अली, सावन सिंह एवं साजिद अली प्रमुख रूप से शामिल रहे।





# सप्तशक्ति संगम में विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर परिसर में विद्या भारती अखिल भारतीय संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम सप्तशक्ति संगम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती आभावती के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर रश्मि रावल शर्मा प्राचार्या आरएसएम डिग्री कॉलेज धामपुर ने की। मुख्य अतिथि सुश्री अर्चना कुंतल प्रोफेसर एसबीडी कॉलेज एवं मुख्य वक्ता सुश्री रूपांजलि आचार्य मां शांतिबाई एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीरजा सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऐतिहासिक महिलाओं की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा की गई। जिसमें छात्रा पीहू निराली, किरन, सोनाक्षी, प्रिया आदि छात्राओं ने भाग लिया। इसमें अहिल्याबाई ,मीराबाई, जीजाबाई, सीता, द्रौपदी, दुर्गावती, लक्ष्मीबाई तथा पन्नाधाय जैसे कार्यक्रम दिखाए गए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अपर्णा रानी एवं श्रीमती पूर्णिमा शर्मा ने किया।

# महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी का जैतरा में स्वागत

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता देवी सैनी का ग्राम जैतरा में शिव मंदिर के निकट ग्राम प्रधान सुनीता देवी चौहान तथा उनके पति आदित्य वीर सिंह चौहान एडवोकेट के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम जैतरा निवासी राजीव कुमार सैनी पिंटू के आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में भी राज्य महिला आयोग की सदस्य का भव्य स्वागत हुआ।



# आदतन नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस करें जब्त- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा माह आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि नये वर्ष की शुरुआत केवल औपचारिक आयोजनों से नहीं, बल्कि जनजीवन से सीधे जुड़े सड़क सुरक्षा जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर ठोस संकल्प, व्यापक जनभागीदारी और व्यवहार परिवर्तन के लक्ष्य के साथ होनी चाहिए। शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्तों तथा जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा अभियान किसी भी स्थिति में औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन से जुड़ा जन आंदोलन बने। उन्होने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा माह को 4-ई मॉडल के आधार पर संचालित किया जाए, जिसमें शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी केयर चारों स्तंभों पर समान रूप से और समन्वित ढंग से कार्य किया जाए।



उन्होंने कहा कि लोगों को केवल नियमों की जानकारी देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह समझाना आवश्यक है कि यातायात नियमों का पालन उनके स्वयं के जीवन, उनके परिवार और समाज की सुरक्षा से सीधे जुड़ा है। शिक्षा के माध्यम से बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों में सही सड़क व्यवहार विकसित किया जाए, प्रवर्तन के तहत नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो, इंजीनियरिंग के माध्यम से सड़कों के ब्लैक स्पॉट और क्रिटिकल पॉइंट सुधारे जाएं तथा इमरजेंसी केयर के अंतर्गत त्वरित एम्बुलेंस सेवा और बेहतर ट्रॉमा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चारों स्तंभों पर संतुलित और एकसाथ काम किये बिना सड़क दुर्घटनाओं में वास्तविक कमी संभव नहीं है। बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2025 में नवंबर तक प्रदेश में कुल 46,223 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 24,776 लोगों की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री ने इन आंकड़ों को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल प्रशासनिक या तकनीकी समस्या नहीं हैं, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक चुनौती है। उन्होंने कहा कि एक भी दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु पूरे परिवार को जीवन भर का दर्द दे जाती है और इस पीड़ा को वही परिवार समझ सकता है। इसी दृष्टिकोण से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशीलता के साथ-साथ कठोर निर्णय लेना भी आवश्यक है।

# भाजपा किसी तारीख़ या चुनावी वर्ष को नहीं देखती- पंकज चौधरी



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा है कि पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा किसी तारीख या चुनावी वर्ष को नहीं देखती। भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा तैयार रहता है। संगठन निरंतर जनता के बीच काम करता है। रविवार को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के उत्तर प्रदेश भाजपा की कमान संभालने के बाद लखनऊ स्थित के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संगठन की पहली बड़ी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों से पहले बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने व एसआईआर को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय, बूथ कमेटियों की सक्रियता और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस विषय को लेकर लगातार हमलावर है। पहले चर्चा की मांग की गई, जिस पर चुनाव सुधार को लेकर चर्चा भी कराई गई। इसके बावजूद विपक्ष संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा चर्चा से भागने वाली पार्टी नहीं है, लेकिन विपक्ष को संतुष्ट करने का कोई रास्ता नहीं दिखता। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, आज की बैठक का एकमात्र उद्देश्य 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होने वाली रैली पर चर्चा करना था, जिसमें प्रधानमंत्री शामिल होंगे। राज्य में एक अच्छा माहौल बना है, और इसे और बेहतर बनाने के लिए रणनीतियां तय की गईं।



# सर्राफा व्यापारी प्रदीप वर्मा ने बांटी रजाई

**खासपुरा (चिंगारी)।** गांव में सर्राफा व्यापारी प्रदीप वर्मा उर्फ मोनू वर्मा ने ठंड से राहत के लिए रजाई वितरण कार्यक्रम अपने घर पर आयोजित किया। उनके सहयोगियों के साथ मिलकर, गांव के जरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं और गरीब परिवारों को 70 रजाई दी गई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार वर्मा के साथ उनके भाई मोनू सचिन वर्मा, भूपेंद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह सहित कई ग्रामीण व सहयोगी मौजूद रहे। मोनू वर्मा ने बताया यह सेवा वह हर वर्ष अपने पिता स्वर्गीय राजकुमार वर्मा की याद में करते हैं। रजाई पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखी। उन्हें सर्द रातों में काफी राहत मिलेगी। गांव के लोगों ने इस सेवा की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# यूपी में पंचायत चुनाव : कल जारी होगी पुनरीक्षण सूची

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पंचायत चुनाव की मतदाता पुनरीक्षण सूची 23 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता 30 दिसंबर तक इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे। प्रत्येक आपत्ति को निस्तारित करने के बाद छह फरवरी को अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद सूची में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने बीते सप्ताह मतदाता सूची के पुनरीक्षण के आंकड़े जारी किए थे। पुनरीक्षण के दौरान 1.81 करोड़ नए मतदाता जोड़े गए हैं। 1.41 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इस तरह पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 40.19 लाख मतदाता बढ़े हैं। जिन मतदाताओं के नाम हटाए गये हैं उनमें मृत, विस्थापित व डुप्लीकेट मतदाता हैं। आयोग के मुताबिक नई सूची मंगलवार को ऑनलाइन जारी कर दी जाएगी। अफसरों ने बताया कि अगर किसी मतदाता को लगता है कि वह योग्य है फिर भी नाम कट गया है या फिर किसी को कुछ अपडेट करवाना है तो उनको आपत्ति दर्ज करवानी होगी।

# पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ में सिपाही की सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण का तोहफ़ा

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सरकार ने अग्निवीरों के पहले बैच के अगले वर्ष सेवा मुक्त होने से पहले एक बड़ा कदम उठाते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में सिपाही के पद पर सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इससे पहले सरकार ने कहा था कि पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में दस प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। अब इसे 10 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। अग्निवीरों का पहला बैच चार वर्ष की अवधि के बाद अगले वर्ष सेवा मुक्त होने वाला है। गृह मंत्रालय ने इसके लिए बीएसएफ की भर्ती प्रक्रिया के नियमों में संशोधन किया है। मंत्रालय ने हाल ही में इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा के मामले में लाभ देने के लिए पहले बैच के अग्निवीरों को आयु सीमा में पांच वर्ष और दूसरे बैच से आगे तीन वर्ष की छूट देने की घोषणा की गई है। पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानदंड परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी, हालांकि उन्हें आम उम्मीदवारों की तरह लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

# 700 अरब डॉलर से ज़्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने मस्क



**वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से ज्यादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी, जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी। जनवरी 2021 में वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उसी साल उन्होंने 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया और 2024 में मस्क की कुल सम्पति बढ़कर 500 अरब डॉलर से ज़्यादा हो गई। मस्क के अलावा ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन की कुल सम्पति 400 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंची है।

# रैन बसेरा खाली, गरीब खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर

बिजनौर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद बुजनौर ने राहगीरों और गरीबों को कड़ाके की ठंड से बचाने के उद्देश्य से शहर में रैन बसेरे बनवाए हैं। शासन-प्रशासन की मंशा है कि भीषण ठंड में कोई लाचार खुले आसमान के नीचे रात गुज़ारने को मजबूर न हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। यहां रेलवे स्टेशन के पास बनाए गए रैन बसेरे में 10 बेड की व्यवस्था की गई है लेकिन 19 नवंबर की रात को इस रैन बसेरे में महज 3 लोग ही ठहरे थे। इस रैन बसेरे के बिल्कुल बराबर में पन्नी बीनकर जीवन यापन करने वाले 8 परिवार खुले आसमान के नीचे ठंड से कांपते हुए रात गुजारने को मजबूर हैं। ये परिवार स्वयं को सुल्तानपुर जिले का निवासी बताते हैं। हैरानी की बात यह है कि गरीबों की मदद के लिए बनाए गए रैन बसेरे के बावजूद इन जरूरतमंद परिवारों को वहां प्रवेश नहीं दिया जा रहा। ये बेचारे अपने बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रात गुज़ारते हैं।

इन परिवारों में शामिल धर्म सिंह, कृष्णा, शिवा, पूजा सहित अन्य लोगों ने बताया कि वे अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रात भर खुले आसमान के नीचे ठिठुरते रहते हैं। कड़ाके की ठंड में उनके पास न तो पर्याप्त कपड़े हैं और न ही सिर छिपाने की कोई सुरक्षित जगहें। इन्हीं परिवारों में से एक अनिल नामक व्यक्ति पैरालिसिस से पीड़ित है। अनिल का भीषण ठंड में खुले में रहना-सोना जानलेवा साबित हो सकता है।







## आधार कार्ड बना मानवीय मदद में बाधा

नगर पालिका ने रैन बसेरे में ठहरने वालों का विवरण दर्ज करने के लिए वहां एक कर्मचारी तैनात कर रखा है। कर्मचारी का कहना है कि रैन बसेरे में केवल उन्हीं लोगों को ठहराया जाता है, जिनके पास आधार कार्ड होता है। रैन बसेरे के पास खुले आसमान के नीचे रहने वाले इन परिवारों के पास आधार कार्ड नहीं है। कर्मचारी ने यह भी आरोप लगाया कि ये लोग शराब पीकर बदतमीजी करते हैं और गंदगी फैलाते हैं, इसलिए इन्हें रैन बसेरे में प्रवेश नहीं दिया जाता।

## क्या यही संवेदनशीलता है?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आधार कार्ड न होना किसी गरीब को ठंड में मरने के लिए छोड़ देने का आधार बन सकता है? क्या नगर पालिका का दायित्व सिर्फ कागजी औपचारिकताओं तक सीमित है, या मानवता और संवेदनशीलता भी प्रशासन की जिम्मेदारी में आती है? जब रैन बसेरे में आधे से ज्यादा बेड खाली पड़े हैं, तो फिर जरूरतमंदों को वहां ठहरने में क्या बाधा है? अगर नगर पालिका को इन परिवारों से कोई समस्या है, तो क्या इनके लिए अलग से रेन बसेरे की व्यवस्था नहीं की जा सकती?

> **एक ओर सरकार और प्रशासन गरीबों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे करते हैं, वहीं दूसरी ओर सर्द रातों में बच्चे, महिलाएं और बीमार लोग खुले आसमान के नीचे जिंदगी और मौत से जूझने को मजबूर हैं। देखना यह है कि क्या इन बेसहारा परिवारों को ठंड से बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा, या फिर ये लोग यूं ही कड़ाके की ठंड में अपने हाल पर छोड़ दिए जाएंगे।**

## युवक के साथ कुकर्म कर आंखों में मिर्ची डाली

स्योहारा (चिंगारी)। नगर निवासी एक युवक को सहसपुर बुलाकर उनके साथ कुकर्म किया। विरोध करने पर ब्लेड से वार किये। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। स्योहारा नगर के एक युवक ने पुलिस में दी तहरीर में बताया कि उसको 17 दिसंबर 2025 की सायं करीब पांच बजे की घटना है कि उसके दोस्त आदिल निवासी तलाई सहसपुर ने फोन करके सहसपुर में बुलाया। उसके बुलाने पर वह सहसपुर चला गया। बातचीत करने के बहाने उसके साथ कुकर्म किया और उसके बाद उसकी आखों में मिर्ची डाल दी। मारपीट में पीड़ित का मोबाइल भी गिर गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## शिविर में पचास मरीजों की जांच की गई

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। गहलौत दंत क्लीनिक मंडावली पर रविवार को एक दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें आए मरीजों की दांतों की नि:शुल्क जांच की गई। डॉक्टर वंदना गहलौत ने शिविर में लगभग 50 मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें दवाई दी तथा दांतों की सही देखभाल के लिए कुछ जरूरी सुझाव भी दिए। शिविर में गौरव गहलौत, अंकित गहलौत, दीपक कुमार, विशाल कुमार आदि का सहयोग रहा।

## थाना प्रभारी ने किया मोटर एजेंसी का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली रोड पर मलिक मोटर एजेंसी का शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष मंडावली पुष्पेंद्र कुमार, चैधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चैधरी, वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर मोटर एजेंसी के स्वामी शरीफ अहमद, सचिन देशवाल, अनुज काकरान, मौ यूनुस, शहाबुद्दीन मकरानी, सुनील त्यागी, मास्टर नीरज कुमार, वीर सिंह, अब्दुल रहमान अल्वी, मुजाहिद मंसूरी, इकबाल अहमद,हफीज अहमद आदि मौजूद रहे।

## बॉयलर की ट्यूब लीक होने से छह घंटे बंद रही मिल

नजीबाबाद (चिंगारी)। किसान सहकारी चीनी मिल स्नेह रोड नजीबाबाद को बॉयलर की ट्यूब लीकेज होने के कारण जहां मिल में कार्य करीब छह घंटे के लिए प्रभावित रहा वहीं मिल को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि मिल अधिकारियों द्वारा बॉयलर में करोड़ों रूपए लगाने के बावजूद बॉयलर ट्यूब लीकेज हो रही हैं। जिससे गन्ने लीज की केशिग प्रभावित हो रही है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि एजीएम मीटिंग में मिल अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि बॉयलर पर 85 लाख रुपये का अतिरिक्त कार्य कराया गया है। जिससे बॉयलर पूरी क्षमता से चलेगा। विगत वर्षों में भी बॉयलर की ट्यूब लीकेज होती रही है। जिस कारण मिल को भारी नुकसान उठाना पड़ा रहा है।

## दिगम्बर जैन मंदिर में हुआ णमोकार महामंत्र का पाठ

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर मे विश्व णमोकार मंत्र दिवस पर जैन महिला मिलन शाखा के तत्वावधान में णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। 21 दिसंबर को णमोकार मंत्र दिवस को रूप मे विश्व पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। वरिष्ठ श्राविका रश्मि जैन के सानिध्य में 1 घंटे का पाठ किया गया। जिसमें निधि जैन, कुमकुम जैन, संगीता जैन, कुशमंदानी जैन, संध्या जैन, स्वाति जैन, सुनीता जैन, पूनम जैन, श्रीजैन, संयम जैन, आदिश जैन, राजीव जैन, भाविक जैन आदि मौजूद रहे।



# ग़ज़ल

रुख़ पे हवा के उड़ता हूं
शाख़ से टूटा पत्ता हूं
कहने को इक लम्हा हूं
वक़्त का लेकिन हिस्सा हूं
दरिया-दरिया बहता था
क़तरा-क़तरा सिमटा हूं
यादों की आराइश है
ख़ाली-ख़ाली कमरा हूं
एक पुराने एल्बम को
घंटों तकता रहता हूं
मुड़कर तुझको देखा था
पत्थर बनकर बैठा हूं
क़र्ज़ मिला है विर्से में
इक मज़दूर का बेटा हूं
आहट उनके क़दमों की
अपने अंदर सुनता हूं
ज़म-ज़म जिसके अंदर है
मैं इक ऐसा सहरा हूं
मैं भी तुझको भूल गया
मैं भी तेरे जैसा हूं
जिसके दिल में रहता था
आंसू बनकर बहता हूं
अक़्ल-ओ-ख़रीद की दुनिया में
पागल दिल की सुनता हूं
मुझको अशरफ कौन पढ़े
रत्ती, तोला, माशा हूं



-अशरफ शेरकोटी
9837950886

# सर्दी ने बाज़ारों को और कर दिया ठंडा, कारोबार हुआ पूरी तरह से मंदा

## पहले से ऑनलाइन को बढ़ावा मिलने की मार झेल रहे व्यापारी

नौशाद मुल्तानी





**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। एक तो पहले से ही बाजारों में काम काफी मंदा था तथा व्यापारी ऑनलाइन कारोबार को बढ़ावा मिलने की मार झेल रहा था, ऊपर से सर्दी ने बाजारों को पहले से भी ठंडा कर दिया है। लगातार कम होते कारोबार से छोटे दुकानदार परेशानी में हैं। शहर के दुकानदारों शाहनवाज, जाकिर, राशिद, सुधीर, मदन, सूरज आदि का कहना है कि काम इतना कम है कि वह अपनी दुकानों का खर्च भी नहीं निकाल पा रहे हैं। ऐसे में घर का खर्च चलाना काफी मुश्किल पड़ रहा है। इस कारण वह अपनी दुकानों में रखे माल में से एक-दो सामान बिकने पर माल के पैसे से खर्च चला रहे हैं, जिससे उनकी दुकानें खाली होती जा रही हैं। बाजारों में चाहे किराना हो या कपड़ा व अन्य कोई भी दुकान, चंद फेमस दुकानों को छोड़कर बाकी दुकानदार सारे दिन ग्राहकों की इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

दुकानदारों का कहना है कि उनके कारोबार को बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के साथ ऑनलाइन कारोबार ने काफी पीछे धकेल दिया है। साथ ही अब हर गांव व शहर में साप्ताहिक बाजार व पीठ लगने तथा उसमें हर सामान काफी कम दरों पर बेचे जाने से शहर के दुकानदारों का कारोबार खत्म से होता जा रहा है। गांव के अधिकतर व्यक्ति अब पहले की तरह शहर में हर सामान की खरीददारी करने नहीं आते हैं, क्योंकि गांव में अब हर सामान की दुकानें होने के साथ बाकी सामान साप्ताहिक बाजार व कुछ अन्य सामान फेरी वाले बाजार से भी कम रेट पर गांव पहुंचा देते हैं, जिससे शहरी क्षेत्र के दुकानदारों की ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अब पहले की तरह दुकानदारी नहीं हो पाती है। आजकल शहर के अधिकतर व्यक्ति मोबाइल से ऑनलाइन हर सामान की जानकारी लेते हैं, अगर बाजार से ऑनलाइन में सस्ता सामान है तो वह सीधे उस सामान को बाजार के दुकानदार से न खरीदकर ऑनलाइन बुकिंग करके मंगा लेते हैं। शहर के काफी संख्या में लोग शहर के आसपास खुले मॉल/आउटलेट में जाकर सामान खरीद लेते हैं, जिससे शहर के बाजारों में दुकानें लिये बैठे लोगों की दुकानदारी नहीं हो पा रही है। ऊपर से सर्दी में लोगों के अपने घरों से कम निकलने के कारण कारोबार पहले से भी ठंडे हो गये हैं।

### बोहनी तक नहीं हो पा रही

आजकल बाजारों में कारोबार की हालत यह हो गई है कि सर्दी में बाजारों में दुकानों पर बैठे न जाने कितने दुकानदारों के पास एक भी ग्राहक नहीं पहुंच रहा है, जिससे उनकी बोहनी तक नहीं हो पा रही है। ऐसे दुकानदार प्रतिदिन अपनी दुकानें खोलकर सारे दिन ग्राहकों की इंतजार में बैठे रहते हैं।

## विशाल अहमद को शाखा मंत्री नियुक्त किया



व्यापारी को मनोनयन-पत्र भेंट करते मोनू टाटा।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला शाखा की एक बैठक स्टेशन रोड पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने विशाल अहमद को शाखा मंत्री नियुक्त किया। साथ ही शाखा उपाध्यक्ष शिताब खान, फरहत खान, महफूज खान, गुड्डू, अय्यूब, डीके, शेर खान, बाबर खान, नफीस अहमद, इकबाल, शानू, रफी, विक्की, मुदस्सिर आदि व्यापारी मौजूद रहे।



## सोनी मलिक को सम्मानित किया

**हल्दौर ( चिंगारी )**। सैनी युवा संगठन बिजनौर के द्वारा ग्राम अम्हेड़ा में कराए गए कार्यक्रम में सैनी समाज व आजाद समाज पार्टी हल्दौर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी सोदीराम सैनी ने उपस्थित लोगों के साथ ग्राम अम्हेड़ा की होनहार बेटी कैनोइंग प्रतियोगिता की सिल्वर मेडल विजेता सोनी मलिक, उनके कोच एवं पूरी टीम के साथ सोनी मलिक के माता-पिता को सम्मानित किया, जिसमें 5100 रुपये का चैक देकर आर्थिक सहयोग कर आगे भविष्य में सैनी समाज व आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# टाटा मोटर्स की सिएरा की बिजनौर में भव्य लॉन्चिंग

कम्पनी समाचार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** टाटा मोटर्स ने ऑटोमोबाइल जगत में अपनी धाक जमाते हुए रविवार को बिजनौर स्थित अधिकृत शोरूम मंगलम ऑटो वर्ल्ड पर अपनी आइकॉनिक एसयूवी टाटा सिएरा के नये मॉडल को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। भव्य समारोह में शहर के गणमान्य व्यक्तियों और ऑटोमोबाइल प्रेमियों सहित लगभग 200 से अधिक लोग साक्षी बने।

श्री तुषार मंगलम ने जैसे ही कवर हटाया गया, वहां मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नई सिएरा का स्वागत किया। शोरूम में प्रदर्शित येलो कलर की सिएरा अपनी मस्कुलर बॉडी और फ्यूचरिस्टिक डिज़ाइन के कारण आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर टाटा सिएरा का वेरिएंट लॉन्च किया गया। यह मॉडल न केवल देखने में प्रीमियम है, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा मानकों से भी लैस है।




### पहले ही दिन डेढ़ सौ गाड़ियों की बुकिंग हुई

बुकिंग और डिमांड गाड़ी के प्रति लोगों का उत्साह इस कदर है कि लॉन्च के पहले ही दिन शोरूम पर 150 बुकिंग दर्ज की जा चुकी है। वेटिंग पीरियड भारी डिमांड को देखते हुए, ग्राहकों को अपनी पसंदीदा सिएरा के लगभग 4 महीने का इंतजार करना होगा। अपनी पकड़ मजबूत करने उत्तरी टाटा सिएरा का सीधा मुकाबला हुंडई, क्रेटा, मारुति सुजुकी, बैंड वितारा और किआ सेल्टोस जैसी स्थापित एसयूवी से होगा।

### गेम चेंजर साबित होगी सिएरा

जानकारों का मानना है कि अपनी मजबूती और आकर्षक लुक के कारण सिएरा इस सेगमेंट में गेम चेंजर साबित होगी। समारोह पर तुषार मंगलम ने कहा कि टाटा सिएरा केवल एक गाड़ी नहीं, बल्कि एक इमोशन है। बिजनौर के ग्राहकों से मिल रहा यह जबरदस्त रिस्पॉन्स दर्शाता है कि लोग टाटा की सुरक्षा और इनोवेशन पर भरोसा कर रहे हैं।

# ज्योतिबा फुले के सपनों को साकार करने का संकल्प



## महाराजा शूरसेन जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महाराजा शूरसेन जयंती के उपलक्ष्य राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाराजा शूरसेन सैनी चौक पर शूरसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में पधारे लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सैनी, राजवीर सैनी, कुन्तेश देवी, फौजी प्रथम सैनी ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। राजकुमार सैनी ने कहा कि ज्योतिबा फुले की विचारधारा ही आपको उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचा सकती है। साथ ही राजकुमार सैनी ने संदेश दिया कि बहुजन समाज के साथ मिलकर ही अपना मतदान दें। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी व प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रपाल शास्त्री ने तथा संचालन राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम सैनी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने बनाने में राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के अध्यक्ष सुरेश सैनी, महासचिव सचिन कुमार सैनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण सैनी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर धर्मपाल सैनी, गौरव सैनी, क्षेत्रपाल शास्त्री, रामानंद सैनी, शारीरिक प्रमुख संजीव सैनी, सीताराम सैनी, एडवोकेट मुकेश सैनी, होराम सैनी, अवनीश सैनी, मास्टर मनोज, प्रशांत सैनी आदि का विशेष योगदान रहा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# अभियुक्त के घरों पर कुर्की के नोटिस चस्पां

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव अलीनगर पालनी में दीपावली की रात को पटाखे छोड़ने को लेकर हुए विवाद में ट्रैक्टर से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व में दो आरोपियों प्रीत व प्रशांत को जेल भेज दिया है, जबकि दो आरोपी अंकुल व यश घटना के बाद से ही पुलिस पकड़ से दूर चल रहे हैं। न्यायालय ने दोनों आरोपियों के कुर्की के आदेश जारी कर किये हैं। रविवार को उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर दोनों आरोपियों के घरों पर मुनादी कराते हुए कुर्की के नोटिस चस्पां किए।



आरोपियों के घर कुर्की का नोटिस चस्पां करती पुलिस।

# ग्रामीण बैंक द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## बिजनौर की टीम ने बदायूं को हराया

**बिजनौर( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा बैंक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम, मुरादाबाद में बिजनौर का बदायूं के साथ नॉकआउट मैच का आयोजन हुआ। बिजनौर टीम के कप्तान दिनेश ठाकुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बिजनौर की ओर से पारी की ओपनिंग करने प्रदीप कुमार और सौरभ त्यागी गए। बिजनौर टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में तीन विकेट खोकर 50 रन बनाए। उसके बाद खेलने आए राहुल देव जयंत ने शानदार 50 रन जड़ते हुए टीम का स्कोर आगे बढ़ाया। बाद में नितिन कोहली ने तेज तर्रार 61 रनों की पारी खेलकर बिजनौर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। इस प्रकार, बिजनौर टीम ने कुल 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाकर बदायूं को जीत के लिए 203 रनों का लक्ष्य दिया। लेकिन इसके जवाब में बदायूं की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ा गई और उसके विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। पूरे मैच में एक बार भी वह बिजनौर टीम द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करती नहीं दिखी। इस प्रकार बदायूं की पूरी टीम सिर्फ 91 रनों पर आलआउट हो गई। बिजनौर टीम के गेंदबाजों ने जबर्दस्त गेंदबाजी करते हुए बदायूं टीम को पूरे ओवर भी नहीं खेलने दिये। बिजनौर टीम की ओर से सर्वाधिक तीन विकेट नितिन कोहली और तीन विकेट्स सौरभ कुमार ने लिए। बिजनौर टीम के कप्तान दिनेश ठाकुर को भी 1 विकेट मिला। इस मैच में बिजनौर टीम 111 रनों के रिकॉर्ड मार्जिन से विजयी घोषित हुई, जो इस टूर्नामेंट में अभी तक रनों के हिसाब से सर्वाधिक है। अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए नितिन कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।



# क़ाज़ीपाड़ा में बुर्का पहनकर घूम रहे युवक को लोगों ने पकड़ा

## पिटाई की, वीडियो बनाया और छोड़ दिया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गत दिवस यहां मोहल्ला क़ाज़ीपाड़ा में बुर्क़ा पहनकर घूम रहे एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। तमाम कोशिशों के बावजूद पकड़ा गया युवक अपना नाम नहीं बता सका।

गत दिवस मोहल्ला क़ाज़ीपाड़ा में अकसा मस्जिद वाली गली के आसपास एक युवक बुर्का पहनकर घूम रहा था। उसकी चाल और अजीब हरकतें देख कुछ बच्चों को उस पर शक हो गया। बच्चे उसके पीछे लग गये और छेड़छाड़ करने लगे। बच्चों ने जब उसका पीछा नहीं छोड़ा तो वह पॉपुलर डेयरी की तरफ तेज़-तेज़ क़दमों से जाने लगा। बच्चे शोर मचाते हुए उसके पीछे लगे रहे। इमली वाली मस्जिद के पास कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। बुर्क़ा उतारकर देखा गया तो वह हट्टा-कट्टा नौजवान था। लोगों ने उससे बुर्क़ा पहनकर घूमने के बारे में पूछा तो उसने कुछ भी नहीं बताया। कुछ युवकों ने उसे दो-चार थप्पड़ जड़े तो उसने सिर्फ इतना बताया कि वह मंडावर का रहने वाला है और बिजनौर दवा लेने आया था।

तमाम कोशिशों के बावजूद जब वह कुछ नहीं बता सका तो लोगों ने वीडियो बनाकर उसे छोड़ दिया।

# मेधावी ब्राह्मण छात्रों को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण जागृति फांउडेशन बिजनौर ने रविवार को ब्राह्मण समाज के छात्र-छात्राओं जिन्होंने वर्ष 2025 में दसवीं व बारहवीं में 75 प्रतिशत अंकों से अधिक अंक प्राप्त कर एक विशेष स्थान प्राप्त किया है एवं जिन सजातीय बच्चों ने इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नौकरी या अन्य क्षेत्रों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है को मुख्य अतिथि पं. सुबोध पाराशर पूर्व एमएलसी, विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज भारद्धाज वरिष्ठ पत्रकार, पं. आशीष कुमार शर्मा यूनिट हेड डी.एस.एम. ग्रुप, डॉ. अवधेश वशिष्ठ, पं. विक्रमादित्य मिश्र डीजीसी रेवेन्यू, डॉ. अंशु शर्मा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी आदि ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. पवन कुमार शर्मा एडवोकेट ने एवं संचालन पं. सुनील भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम जी एवं पं. मदन मोहन मालवीय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिले के अलावा उत्तराखण्ड, अमरोहा से भी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पं. सुबोध पाराशर ने कहा कि ब्राह्मण छात्र-छात्राएं अपना लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने कैरियर के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ संस्कारवान भी होना चाहिए। ब्राह्मण जागृति फांउडेशन के मण्डलीय अध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा दानी व मण्डलीय महामंत्री क्रान्ति कुमार शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए तथा संस्थापक सदस्य डॉ. मोहित शर्मा ने सभी का कार्यक्रम में पधारने पर आभार व्यक्त किया।

# खेत में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में राजगढ़ रोड पर सोमवार को सुबह जयवीर सिंह के मुर्गी फार्म के पीछे डॉक्टर अय्यूब के खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिला, जिससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मंडावली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# नजीबाबाद क्षेत्र में मिले दो युवकों के शव



समीर का फाइल फोटो।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। रविवार को नजीबाबाद क्षेत्र में दो युवकों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। नजीबाबाद-बिजनौर मार्ग पर ग्राम वंश गोपालपुर के सामने हाईवे पर सड़क किनारे मन्दिर के निकट एक युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने पुलिस को शव पड़े होने की सूचना दी। मृतक की शिनाख्त समीर पुत्र दिलशाद निवासी अहमदपुर खैल, किरतपुर के रूप में हुई। मृतक की बाइक भी पास ही पड़ी मिली। मृतक के पिता राज मिस्त्री का काम करते हैं। समीर पढ़ाई के साथ पिता के काम में भी हाथ बंटाता था। सीओ नितेश प्रताप, थाना प्रभारी राहुल सिंह ने मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। मृतक के गले पर निशान होने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है।**

उधर, ग्राम सरवनपुर के निकट हाईवे किनारे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की शिनाख्त सुरेन्द्र पुत्र स्वर्गीय मगन सिंह निवासी ग्राम हरचंदपुर नांगल थाना क्षेत्र के रूप में हुई। एसपी अभिषेक झा ने भी मौका मुआयना किया। बताया कि युवक सुरेन्द्र का शव हाईवे किनारे मिला है और पास में ही युवक की बाइक खड़ी मिली। सुरेंद्र अपने परिवार के साथ देहरादून में रहता था। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक के सिर में चोट के निशान पाये गए हैं, जिससे उसकी हत्या की भी आशंका जतायी जा रही है।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# सपा का थीम सॉन्ग लिखने व गाने वाले गगनदीप को जिलाध्यक्ष जाकिर ने किया सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के लिए थीम सॉन्ग बनाने वाले जनपद बिजनौर के गायक गगनदीप सिंह जब सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के कैंप कार्यालय पहुंचे, तो जिलाध्यक्ष व उनकी टीम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान गगनदीप सिंह के गीतों की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। गौरतलब है कि गगनदीप सिंह ने समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए कई गाने लिखे और कंपोज किए हैं। इनमें से 'यूपी के शेर' नामक गाना सबसे ज्यादा वायरल हुआ, जो पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर देता है। यह गाना पार्टी के हर कार्यक्रम और सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। सोमवार को चांदपुर चुंगी स्थित सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के कैंप कार्यालय पहुंचे गगनदीप सिंह का जिलाध्यक्ष ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गगनदीप सिंह के गाने कार्यकर्ताओं में जोश भरते रहें और 2027 में सपा की सरकार बनाने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस मौके पर गगनदीप सिंह ने बताया कि वे गाने लिखने और उन्हें गाने के शौकीन हैं। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की विचारधारा और उनके मुख्यमंत्री काल में युवाओं के लिए किए गए कार्यों से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी के लिए गाने लिखे और कंपोज किए हैं। इस दौरान सचिन पाल, विकास कुमार सिंह, सद्भाव विश्नोई, आदित्य पाल आदि भी मौजूद रहे।

# चेयरमैन के प्रयास से सड़क हुई मंजूर क्षेत्रवासियों को लाभ होगा भरपूर



चेयरमैन का मुंह मीठा कराते हुये ग्रामवासी।

**झालू ( चिंगारी )।** नगर पंचायत अध्यक्ष झालू लोकेंद्र चौधरी के प्रयास से कस्बा झालू से ग्राम सिहोरा गिरधर तक जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा एक किलोमीटर की सड़क को स्वीकृत किया गया है। इसके बाद नगरवासियों ने नगर अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी व जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार जताया है। नगर एवं क्षेत्रवासियों की मांग पर आठ महीने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने झालू में टंकी कंपाउंड के बराबर से होकर गुजर रहे सिहोरा गिरधर के एक किमी. कच्चे मार्ग को बनवाने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह को एक मांग-पत्र दिया था, जो कि लगातार प्रयास के चलते अब पांच मीटर चौड़ी व एक किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क स्वीकृत हो गई है। मार्ग बनने से ग्रामवासियों का लिंक सीधे झालू से हो जाएगा, जिससे कई गांवों का जुड़व व्यापारिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से झालू की तरफ हो जाएगा। सड़क पर निर्माण कार्य शुरू होने के बाद कस्बे के लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का मुंह मीठा कराते हुए उनका व जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार जताया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप का आभार जताते हुए कहा कि यह मार्ग ग्राम पंचायतों को सीधे झालू से जोड़ देगा। भविष्य में यह मार्ग व्यापारियों एवं किसानों के लिए बहुत ही सुगम एवं समृद्ध होगा।

# किसानों की समस्याओं पर किया विचार




**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल कुलवीर सिंह के निवास स्थान हुसैनपुर सुल्तान में एक भारतीय किसान संघ विकासखंड किरतपुर की बैठक हुई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर विचार किया गया, जिसमें सहकारी समिति द्वारा किसानों पर 3 प्रतिशत ब्याज से बढ़कर 7 प्रतिशत ब्याज वृद्धि एवं मनरेगा से कृषि को जोड़ा जाए एवं गन्ना मिल द्वारा किराया बढ़ाने का विरोध किया गया एवं किसानों को जैविक खेती करने पर जोर दिया गया। सभी किसानों को एक-एक वृक्ष लगाने पर जोर दिया गया। बैठक का संचालन रामवीर सिंह और अध्यक्षता धर्मपाल सिंह अध्यक्ष विकासखंड किरतपुर ने की। बैठक में पंकज सिंह, रामवीर सिंह, कुलबीर सिंह, बलराम सिंह, कर्मेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, श्रीमती प्रभादेवी, आत्माराम, हेमेंद्र सिंह, प्रचार प्रमुख पंकज चौधरी आदि रहे।

## जंगल में मृत मिला गुलदार



**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को क्षेत्र के गांव फतेहबाद के जंगल में एक गुलदार मृत अवस्था में पाए जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मृत गुलदार मादा है, जिसकी आयु लगभग 03 वर्ष है। मृत गुलदार के नाक व मुंह से रक्तस्राव तथा गर्दन के पास जख्म के निशान पाए गए। शव के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि गुलदार के नाखून, पूंछ, दांत आदि पूरी तरह सुरक्षित हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि गुलदार की मौत आपसी संघर्ष के कारण हुई है। वन विभाग की टीम घटनास्थल से गुलदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई।

## काम के सिलसिले में इटली गये व्यक्ति की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** काम के सिलसिले में डेढ़ वर्ष पूर्व इटली गए एक व्यक्ति की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला निवासी सरदार बलकार सिंह के 36 वर्षीय पुत्र सरदार रघुविंदर सिंह डेढ़ वर्ष पूर्व काम के सिलसिले में इटली गया था। वहां उसके साथ पंजाब निवासी कुछ रिश्तेदार अथवा परिचित भी काम करते थे। 19 दिसंबर को परिजनों के पास मोबाइल कॉल पर रघुविंदर सिंह की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। 18 दिसंबर को रघुविंदर सिंह अपने कमरे पर था और खाना बना रहा था कि अचानक उसकी तबीयत खराब हुई। उसके कुछ साथी उसे अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों को आज वहां उसका पोस्टमार्टम होने की खबर मिली है, जिसके बाद मृतक रघुविंदर सिंह के शव को भारत लाने का प्रयास किया जाएगा। मृतक रघुविंदर सिंह अपने पीछे पिता बलकार सिंह, माता गुरमीत कौर, इकलौता जुड़वा भाई राजेंदर सिंह सहित पत्नी रजविंदर कौर व 14 वर्षीय पुत्र हरकीरत सिंह को रोता बिलखता छोड़ गया है।



रघुविंदर सिंह का फाइल फोटो

## कालेज में आयोजित किया फ्री मेडिकल कैम्प



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के पीजेएम इंटर कॉलेज में एक दिवसीय फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में युक्ता हॉस्पिटल धामपुर के डाक्टरों ने सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण कर फ्री दवाईयां वितरित कीं। रविवार की दोपहर से शुरु हुए कैम्प में जनरल सर्जन डाक्टर गौरव सिंह, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर तानिया सेतिया, डॉ. विपिन ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाईयां वितरित कीं। इस दौरान डॉ. गौरव सिंह ने लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए सफाई का खास ध्यान रखने के लिए जागरूक भी किया। इस मौके प्रधानाचार्य राजीव कुमार, निशांत चौहान, हिलाल सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।

## क्या नाम बदलने से मजदूरों का भाग्य बदल जायेगा?

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मनरेगा मजदूर दल के संस्थापक एडवोकेट लाल सिंह भूमेंवालकर ने एक प्रेस व्क्षप्ति में कहा कि हमारा देश भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा मजदूर हैं, किन्तु यहां मजदूरों के विकास के लिए कोई ऐसी योजना नहीं बनी, जिससे मजदूर वर्ग आगे बढ़ सके। लाल सिंह भूमेंवालकर ने आगे कहा कि बहुत लंबे समय बाद मनरेगा जैसी योजना बनाकर देश में पहली बार मजदूरों की ओर ध्यान दिया गया, जो एक मजबूत ठोस कदम था, जिसमें रोजगार की गारंटी को सुनिश्चित किया गया। मनरेगा योजना कोरोना काल में मजदूरों के लिए संजीवनी की तरह साबित हुई, इसके बावजूद सरकार ने इसकी कमियों को दूर करने के बजाय इसका नाम परिवर्तन कर दिया। क्या केवल नाम परिवर्तन मजदूरों की आर्थिक स्थिति में कोई बेहतर परिणाम दे पाएगा? एडवोकेट लाल सिंह भूमेंवालकर ने भाजपा सरकार से मांग की है कि वह मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार बंद करे और साल में 300 दिन के रोजगार की गारंटी दे और प्रतिदिन मजदूर की मजदूरी 1000 होनी चाहिए और हर मजदूर का 10 लाख का बीमा होना चाहिए। मनरेगा मजदूरों की बायोमेट्रिक उपस्थिति होनी चाहिए, ताकि मनरेगा में महाभ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सके।



लाल सिंह भूमेंवालकर

# बढ़ता ही जा रहा है सर्दी का ग्राफ महिलाओं को बांटे 300 लिहाफ

**नांगल सोती ( चिंगारी )। ग्राम पंचायत सराय आलम के प्रधानपति शहजाद आलम एड. ने भीषण सर्दी को देखते हुए कल गांव की निर्धन महिलाओं को 300 लिहाफ वितरित किये।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डा. जुल्फकार अली ने कहा कि ग्राम प्रधानपति पिछले 7 वर्षों से गरीब ग्रामीणों को लिहाफ-कम्बल का वितरण कर रहे हैं, जो कि बहुत पुण्य का कार्य है। प्रधानपति शहजाद आलम एड. ने कहा कि गरीब व्यक्ति की मदद करके बड़ा सुकून मिलता है। शहजाद आलम ने बताया कि वे पिछले 7 वर्षों से सर्दियों में लिहाफ-कम्बल का वितरण करते हैं। दीपावली पर हिन्दू समाज की विधवा महिलाओं को साड़ी और सूट वितरित करते हैं तथा ईद पर मुस्लिम समाज की विधवा महिलाओं को त्यौहारी देते हैं। वर्ष में दो बार गांव की विधवा महिलाओं को चप्पल देते हैं तथा प्रतिवर्ष गांव के समग्र विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को 5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देते हैं। महताब अली के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वीरेन्द्र सिंह, इरफान अहमद, महेश प्रधान, मौ. मीनू, बुन्दू मिस्त्री, मौ. फारुख, जमशेद, महबूब आलम आदि मौजूद रहे। कड़ाके की ठंड में लिहाफ पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे।



# टाटा मैजिक और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

शेरकोट ( चिंगारी )। हरेवली मार्ग पर टाटा मैजिक और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक का फाइल फोटो

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छीबरी निवासी मौ. शोएब ( 19 वर्ष ), पुत्र मौ. राजील रविवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर घर से शेरकोट आ रहा था। जब वह बाबू जी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे सब्जी से भरे टाटा मैजिक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें शुऐब गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मैजिक चालक मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया और थाने ले गई। बताया जाता है कि मृतक चार भाइयों व चार बहनों में तीसरे नंबर का था। उसकी असमय मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात टाटा मैजिक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चोर ग्राहक बनकर आये गल्ले से सारे नोट उड़ाये

नांगल सोती ( चिंगारी )। ग्राम कामराजपुर निवासी इस्लामुद्दीन अहमद का गांव में मेन रोड के किनारे अनस सीमेंट स्टोर है, जिसमें वह सरिया, सीमेंट और निर्माण सम्बन्धी अन्य सामान बेचते हैं। रविवार को अपराह्न 1.55 बजे दुकान पर उनका पुत्र मौ. अनस बैठा हुआ था। अनस ने बताया कि बाइक सवार दो चोर दुकान पर ग्राहक बनकर आये तथा वॉश बेसिन और पाइप दिखाने को कहा। वॉश बेसिन गोदाम में रखे होने के कारण अनस ने वहां चलने को कहा। सड़क के दूसरी ओर स्थित गोदाम में वह वॉश बेसिन दिखाने गया, तो एक व्यक्ति उसके साथ चला गया, जबकि दूसरा वहीं दुकान पर खड़ा रहा। अनस का कहना है कि 2-3 मिनट में ही वह गोदाम से वापस लौट आया। मगर इतनी देर में ही दुकान पर खड़े शातिर चोर ने गल्ले का लॉक तोड़कर उसमें रखे सभी नोट चोरी कर लिये। दूसरा व्यक्ति भी बाद में आने की बात कहकर बाइक पर बैठा और दोनों रफू चक्कर हो गये। सूचना पर डायल 112 की पीआरवी तथा थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक मौके पर पहुंचे। गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, तो चोर ने मुंह को मफलर से ढक रखा था। बाइक पर नम्बर प्लेट भी नहीं थी। शाम के समय क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और दुकानदार से जानकारी प्राप्त की। उन्होने बताया कि चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। चोरों को पकड़ने के लिये पुलिस टीमें लगी हुई हैं।

## चौ. चरण सिंह की जयंती पर करेंगे रक्तदान

चांदपुर ( चिंगारी )। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की जयंती पर कल 23 दिसम्बर को हवन, रक्तदान शिविर व कम्बल वितरण किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की जयंती पर नगर के नूरपुर रोड स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा स्थल पर कल 23 दिसम्बर को प्रात: हवन होगा तथा उसके बाद में जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की जयंती पर नूरपुर रोड स्थित वरिष्ठ चिकित्सक डा. एम. पी. सिंह की क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को

बिजनौर ( चिंगारी )। श्री अग्रसेन वैश्य अग्रवाल सभा मेरठ द्वारा 22 फरवरी 2026 को वैश्य युवक-युवती 17वां परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सभा से जुड़े नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने हेतु पंजीकरण फार्म उनके सदर बाजार स्थित प्रतिष्ठान वैरायटी पैलेस पर उपलब्ध हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 है।

# फूलों से महका बिजनौर क्लब, प्रदर्शनी देखकर खुश हुये सब

**बिजनौर ( चिंगारी )। टेरस एण्ड किचन गार्डन एसोसिएशन ने बिजनौर क्लब के सहयोग से क्लब परिसर में रविवार को भव्य पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की। इस दौरान सुन्दर फूलों को देखकर दर्शक प्रफुल्लित हो उठे।**





प्रदर्शनी में गुलदाउदी, गुलाब, लिली आदि प्रजातियों के खूबसूरत रंग-बिरंगे फूलों ने दर्शकों का मन मोह लिया। ग्रुप ए में बड़े फूल वाले गुलदाउदी में प्रीतक जैन, मणि जैन व अलका अग्रवाल, छोटे फूल वाले गुलदाउदी में प्रतीक जैन, राजवीर सिंह व अलका भटनागर, अन्य पुष्प की श्रेणी में किरन शर्मा, अचल महर्षि व कौशल शर्मा, ग्रीन प्लांट में सुधाकर, संजीव वर्मा व कोपल शर्मा और सुककुलेंट में पायल अग्रवाल, विशाल व सुधाकर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सब्जियों में ब्रह्मपाल सिंह, किरन शर्मा व निशि अन्य फल में अलका वत्स, कोपल अग्रवाल व ब्रह्मपाल सिंह और गुलाब में अचल महर्षि, पायल अग्रवाल व कोपल अग्रवाल क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। इसके अलावा डिसप्ले में पूनम व सलिल शर्मा प्रथम, सुनीता व सतेन्द्र राजपूत द्वितीय और सुधीर अग्रवाल तृतीय रहे। रेणु व मुकेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ग्रुप बी में गुलदाउदी में अलग-अलग श्रेणी में मुकेश भटनागर व सलिल शर्मा प्रथम, सतेन्द्र कुमार व सलिल शर्मा द्वितीय एवं सतेन्द्र कुमार व मुकेश भटनागर तृतीय रहे। पुष्प सज्जा में अलका अग्रवाल, ज्योति, सलिल शर्मा व पायल अग्रवाल, कटे हुए गुलाब में सलिल शर्मा, किरन शर्मा व अलका अग्रवाल और कटे हुए अन्य फूलों में सलिल शर्मा, चेष्टा रस्तौगी एवं किरन शर्मा क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सभी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बिजनौर क्लब के सचिव पारस अग्रवाल, टेरस एण्ड किचन गार्डन एसोसिएशन की ओर से सलिल शर्मा व मुकेश भटनागर के अलावा प्रशांत महर्षि, अचल महर्षि, सुधीर अग्रवाल, आशीष जैन, अजय वत्स, अवनीश अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, श्रीमती उर्वशी महर्षि, अखिलेश चौधरी, प्रो. वीके त्यागी सहित भारी संख्या में नगरवासियों ने पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल



चांदपुर ( चिंगारी )। मोटरसाइकिल द्वारा साइकिल में टक्कर मार दिये जाने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिए बाहर ले जाया गया है। ग्राम शेखपुरी मीना निवासी रामपाल सिंह पुत्र गोविन्द सिंह कल शाम किसी काम से ग्राम बागड़पुर आया था तथा साइकिल से वापस अपने गांव लौटते समय बागड़पुर के सामने मोटरसाइकिल द्वारा साइकिल में टक्कर मार दिये जाने से साइकिल सवार रामपाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार वहां से भाग गया। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रामपाल सिंह को उपचार के लिए नगर स्थित निजी चिकित्सक ले गए,जहां चिकित्सक ने उन्हें बाहर भेज दिया।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को जला रहे ज़िंदा, ब्राह्मण समिति ने की कड़ी निंदा



**चांदपुर। ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति, चांदपुर की बैठक में बंगलादेश में हिन्दुओं पर किये जा रहे हमलों व जिंदा जलाये जाने पर आक्रोश जताया गया तथा भारत सरकार से बंगलादेश में रहने वाले हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाने की मांग की गई। देवी मंदिर के नजदीक स्थित समिति कार्यालय पर समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी की अध्यक्षता एवं महामंत्री नीरज तिवारी एडवोकेट के संचालन में आयोजित बैठक में बंगलादेश में हिन्दुओं की निर्ममतापूर्वक हत्या किये जाने की घोर निन्दा की गई। बैठक में 25 दिसम्बर को महामना मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा अगले वर्ष 8 फरवरी को विशाल ब्राह्मण महासम्मेलन आयोजित करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व प्रधानाचार्य नन्द कुमार पाण्डेय, डा. दिग्विजय शर्मा, डा. विनोद कुमार शर्मा, पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी, कामेश्वर शर्मा, डा. विपिन कुमार शर्मा, डा. मुनेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, ठेकेदार, संदीप कुमार शर्मा, नन्द कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र गौतम तुषार व उसकी पत्नी उषा सानवी जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रही हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **रामरति पत्नी स्व. मुन्ने सिंह, निवासी 518 व 519 आवास विकास कॉलोनी, बिजनौर।**

चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
22 दिसम्बर 2025






# भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

## जेमिमा का पचासा, हरमनप्रीत के साथ निभाई साझेदारी

**विशाखापत्तनम (एजेंसी/चिंगारी)।** जेमिमा रोड्रिग्स के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को पहले टी20 मैच में आठ विकेट से हराया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे श्रीलंका की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी। जवाब में भारत ने जेमिमा के दमदार प्रदर्शन से 14.4 ओवर में दो विकेट पर 122 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली वर्मा का विकेट जल्द गंवा दिया था, लेकिन जेमिमा ने पहले मंधाना के साथ 50+ रनों की साझेदारी की और फिर कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की अविजित साझेदारी की। यह पहली बार है जब भारत ने टी 20 में दूसरे और तीसरे विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी की है। जेमिमा 44 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से नाबाद 69 और हरमनप्रीत 16 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। श्रीलंका की ओर से काव्या काविंदी और इनोका रानावीरा को एक-एक विकेट मिला।



लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत को शेफाली वर्मा के रूप में शुरुआती झटका लगा। शेफाली नौ रन बनाकर आउट हुईं। काव्या काविंदी ने भारत को पहला झटका दिया। हालांकि, इसके बाद मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने शानदार साझेदारी की। मंधाना ने इस दौरान टी 20 अंतरराष्ट्रीय में 4000 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली और सूजी बेट्स के बाद दुनिया की दूसरी बल्लेबाज बनीं। इनोका ने हालांकि, मंधाना को आउट किया जो 25 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 25 रन बनाकर आउट हुईं। इसके साथ ही मंधाना और जेमिमा के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी का अंत हुआ। भारत के लिए जेमिमा रोड्रिग्स ने 34 गेंदों पर अर्धशतक पूरा कर लिया। जेमिमा महिला विश्व कप में भी शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने इसे टी20 सीरीज में भी बरकरार रखा है। जेमिमा का साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी बखूबी निभाया। इससे पहले, श्रीलंका के लिए कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि, कुछ कैच छोड़े, लेकिन गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। भारत के खिलाफ पहले टी 20 मैच में श्रीलंका के लिए चामरी अट्टापट्टू और विष्मी गुणारत्ने पारी का आगाज करने उतरीं। भारत को क्रांति गौड़ ने पहली सफलता दिलाई। क्रांति ने श्रीलंका की कप्तान चामरी अट्टापट्टू को बोल्ड किया। चामरी 12 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद हालांकि, श्रीलंका ने पावरप्ले में भारत को अन्य सफलता हासिल नहीं करने दी। श्रीलंका का स्कोर धीरे-धीरे 50 रन के करीब पहुंच रहा था, लेकिन उससे पहले ही दीप्ति शर्मा ने हसिनी परेरा को आउट कर उसे दूसरा झटका दिया।

## अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पांच टीमों वाली फ्रेंचाइजी-आधारित टी-20 लीग की घोषणा की

दुबई (एजेंसी/चिंगारी)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने एक नई फ्रेंचाइजी-आधारित टी-20 लीग, अफगानिस्तान प्रीमियर लीग शुरु करने की घोषणा करते हुए कहा कि इसके पहले संस्करण में पांच टीमें होंगी और इसे अगले साल अक्टूबर 2026 के आसपास संयुक्त अरबअमीरात (यूएई) में शुरु किया जायेगा। एसीबी ने 2018 की शुरुआत में भी एक अफगानिस्तान प्रीमियर लीग शुरू की थी और उस टूर्नामेंट का मात्र एक सीजन उसी साल बाद में पांच टीमों के बीच खेला गया था। क्रिस गेल, ब्रेंडन मैकुलम, शाहिद अफरीदी और अन्य जैसे बड़े नाम उस सीजन में खेले थे, लेकिन पेमेंट की समस्याओं और लीग की ईमानदारी को लेकर चिंताएं सामने आने के बाद इसे बंद कर दिया गया था।

## अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में समीर मिन्हास ने रचा इतिहास

**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज समीर मिन्हास ने धमाकेदार प्रदर्शन से सभी को हैरत में डाल दिया। भारत के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले में समीर ने ऐतिहासिक 172 रन की पारी खेली और इतिहास रच दिया। वह फाइनल में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। मिन्हास ने शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। पहले उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, फिर इस पारी को आगे बढ़ाते हुए महज 71 गेंदों में शतक में तब्दील किया। यह इस टूर्नामेंट में उनका दूसरा शतक है। वह अंडर-19 एशिया कप में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष पर भारत के वैभव सूर्यवंशी हैं। वह 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के की मदद से 172 रन बनाकर आउट हुए।



### 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

समीर मिन्हास ने 2012 के फाइनल में सामी असलम (134 रन) द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा। जैसे ही वे इस आंकड़े से आगे बढ़े, उनकी पारी इतिहास बन गई। इतना ही नहीं, वे अंडर-19 एशिया कप फाइनल में 150 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए। 150 रन के बाद भी मिन्हास का आक्रमण जारी रहा और वे तेजी से दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे थे। हालांकि, भारतीय गेंदबाज़ दीपेश देवेंद्र की गेंद पर एक मिसहिट के चलते उनका शानदार सफर 172 रन पर खत्म हुआ।

## मेसी का दौरा शानदार, लेकिन फुटबॉल को कोई ठोस फायदा नहीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय फुटबाल के जाने माने खिलाड़ी रहे अनादि बरूआ का मानना है कि फुटबाल के अंतरराष्ट्रीय सितारे लियोनेल मेसी के भारत दौरे ने भीड़ तो बहुत खींची लेकिन इससे देश में फुटबॉल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली।

## इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' नहीं झेल सका- बेन स्टोक्स

**एडिलेड (एजेंसी/चिंगारी)।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह कप्तानी के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करते है कि पहले तीन टेस्ट मैचों में उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' को झेल नहीं सकी और रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मात्र 11 दिनों में ही ऐशेज सीरीज गंवा बैठी। 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे स्टोक्स ने इस दौरे से पहले दो साल का नया केन्द्रीय अनुबंध साइन किया था, जो 2027 की गर्मियों के अंत तक चलेगा। उन्होंने कहा कि कप्तान बने रहने की उनकी इच्छा 'बिल्कुल' बरकरार है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर दौरे की शुरुआत से अब तक कुछ भी नहीं बदला है।



## पाकिस्तान ने रोका भारत का विजयी अभियान, फाइनल में हराकर जीता अंडर-19 एशिया कप का खिताब

**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** समीर मिन्हास की शतकीय पारी के बाद अली रजा की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में 191 रनों से हराकर अंडर-19 एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। फरहान यूसफ की अगुआई वाली टीम ने समीर मिन्हास (172) की शतकीय और अहमद हुसैन (56) की अर्धशतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 347 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 26.2 ओवर में 156 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा, लेकिन फाइनल में पाकिस्तान ने उसका विजयी अभियान रोक दिया। भारत ने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को हराया था, लेकिन खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने इसके साथ ही दूसरी बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले वह 2012 में संयुक्त रूप से विजेता बना था। भारत 2012 में पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता रहा था क्योंकि तब मैच टाई हो गया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने आक्रमक शुरुआत दिलाई, लेकिन अली रजा ने आयुष म्हात्रे को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। म्हात्रे दो रन बनाकर आउट हुए। फिर आरोन जॉर्ज भी 16 रन बनाकर आउट हो गए। रजा ने इसके बाद वैभव सूर्यवंशी को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिा जो 10 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुए। भारत के पांच बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके। दिलचस्प बात यह है कि आखिरी नंबर के बल्लेबाज दीपेश देवेंद्रन ने भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 16 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद सय्याम, अब्दुल सुभान और हुजैफा अहसान ने दो-दो सफलताएं अपने नाम कीं।

# नैनीताल में 26 दिसंबर तक होगा विंटर कार्निवाल का आयोजन



**नैनीताल (चिंगारी)।** जनपद नैनीताल में शीतकालीन पर्यटन को प्रभावी रूप से प्रोत्साहित करने, स्थानीय संस्कृति, लोक कला, हस्तशिल्प एवं आजीविका से जुड़ी गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से 22 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक 'विंटर कार्निवाल-2025' का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नैनीताल विवेक राय ने अवगत कराया कि विंटर कार्निवाल के दौरान नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर विविध सांस्कृतिक, पर्यटन एवं मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्निवाल के अंतर्गत सांस्कृतिक झांकियां, लोकनृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुतियां, बैंड शो, बोट रेस, दीप प्रज्वलन कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल, टांकी बैंड, ऐपन प्रतियोगिता, विंटर लाइन, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, एस्ट्रो टूरिज्म, आर्टिफिशियल रॉक क्लाइंबिंग, नुक्कड़ नाटक, लाइट एंड साउंड शो सहित अनेक आकर्षण आमजन एवं पर्यटकों के लिए केंद्र बिंदु रहेंगे। कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों, स्थानीय संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। विंटर कार्निवाल-2025 से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलने के साथ-साथ पर्यटन, होटल व्यवसाय, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रशासन द्वारा आमजन एवं देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों से अपील की गई है कि वे इस सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता कर नैनीताल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लें।

## ध्यान दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया जबकि महर्षि महेश योगी ने 1959 में आध्यात्मिक पुनरुद्धार आंदोलन की स्थापना करते हुए ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन नामक तकनीक को लोकप्रिय बनाया। इसलिए आज उनके सभी विद्यालयों में ध्यान की शिक्षा दी जाती है। विद्यालय की ध्यान शिक्षिका वैशाली सिंह ने कहा कि ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति मिलती है। तत्पश्चात कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने कविता पाठ, कक्षा छठवीं की छात्राओं द्वारा गीत एवं कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा श्लोक पाठ किया गया तथा शिक्षक पंकज नेगी व प्रशांत तिवारी सहित क्षितिज, राजवीर, आराध्या, खुशी आदि छात्र- छात्राओं ने भी ध्यान के महत्व परअपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चलाकर अभियान किया ठेलीवालों का चालान



रविवार को कोटद्वार बाजार में अवैध तौर पर ठेली लगाने वाले का चालान काटती पुलिस।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के आदेशानुसार जनपद में बाहरी व संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चौकी बाजार व कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सड़क के किनारे अवैध तौर से ठेली व रेहड़ी लगाकर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान 12 ठेली व रेहड़ी वालों का चालान करने के साथ ही सत्यापन भी किया गया। कहा कि अवैध रूप से अतिक्रमण करने व रेहड़ी-ठेली लगाने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

## जीनियस प्रतियोगिता आयोजित की

**कोटद्वार (चिंगारी)।** विकास खंड एकेश्वर के प्राथमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं की मैथ्स विजार्डव स्पेल जीनियस प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय रिंगवाड़ी में सम्पन्न हुईं। खंड शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही के निर्देशन में शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ बी आर सी समन्वयक यतेंद्र मोहन धस्माना ने दीप प्रज्वलित कर किया। दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता बताते हुए उन्होंने कहा कि गणित हमें तार्किक सोच,समस्या समाधान और वित्तीय प्रबंधन सिखाकर निर्णय लेने व जीवन को कुशलता से जीने में मदद करता है। तत्पश्चात आयोजित मैथ्स विजॉर्ड प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय मासौं की अंशिका प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंसारी थापला के आदर्श द्वितीय व राजकीय प्राथमिक विद्यालय इसोटी की अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि स्पेल जीनियस में रा प्रा वि धरासू की अदिति प्रथम, रा प्रा वि भूमिया की खुशी दूसरे और रा प्रा वि धरासू की गुंजन तीसरे स्थान पर रही। अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संकुल प्रभारी लक्ष्मी थपलियाल सहित हेमंती, मीना, वंदना, सुधीर रावत, लक्ष्मण नेगी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के फरार अभियुक्त के घर पर कुर्की नोटिस चस्पां



आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा करती पुलिस।

**नूरपुर (चिंगारी)।** करीब ढाई माह पूर्व चांदपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प पर स्कूटी में पेट्रोल भराते समय सेल्समैन व स्कूटी स्वामी मोहल्ला इस्लाम नगर (तेलीपुरा) निवासी नफ़ीस के बीच विवाद हो गया था। नफ़ीस ने अपने साथियों परवेज़ व जैद के साथ मिलकर सेल्समैन पवन पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने सेल्समैन की तहरीर पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। पुलिस घटना के दो आरोपियों नफीस व परवेज़ को पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि घटना का एक आरोपी जैद अभी फ़रार चल रहा है। न्यायालय ने फ़रार आरोपी जैद का कुर्की के आदेश जारी किया है। रविवार को कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकान्त सत्यार्थी ने फ़रार आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया।

## वंचित राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण हेतु समिति गठित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा से जुड़े राज्य आंदोलनकारियों ने चिन्हीकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण के लिए समिति का गठन किया है। समिति में दिनेश गौड़ को अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में रविवार को मोर्चा कार्यालय में हुई राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में कई राज्य आंदोलनकारी चिन्हीकरण से वंचित है। जिलाधिकारी कार्यालय में भी 31 दिसंबर 2021 से पूर्व चिन्हीकरण के लिए भेजे गए आवेदनों पर ही कार्रवाई होने की संभावना है। ऐसे में कई आंदोलनकारी अभी भी चिन्हीकरण से वंचित रह जायेंगे। मौके पर ऐसे मामलों के निस्तारण के लिए समिति का गठन किया गया। समिति में दिनेश गौड़ अध्यक्ष, प्रेम सिंह बिंदवाल उपाध्यक्ष, भगवान सिंह महामंत्री, पुरूषोत्तम डबराल प्रचार सचिव और अर्जुन सिंह रावत संगठन सचिव चुने गये। मौके पर नव गठित समिति सदस्यों ने अगले महीने चिन्हीकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारियों के प्रकरणों को लेकर तहसील में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

## मेले पहाड़ की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक - सीमा भंडारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय ऐतिहासिक पौराणिक गेंद मेला सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति की ओर से डाडामंडी खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के साथ ही मेला आरंभ हो गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला पंचायत सीमा भंडारी ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले पहाड़ की सांस्कृतिक विरासत की पहचान होते हैं। समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि मेले के दौरान समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। तत्पश्चात क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत पहला मैच तोली और महाबगढ़ इलेवन के बीच खेला गया। तोली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 158 बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाबगढ़ इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में 115 रन ही बना सकी और मैच हार गई। इस अवसर पर मेला समिति सचिव किशनलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र रावत, मुकेश बड़थ्वाल, सतीश देवरानी और प्रमोद चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## करने को सर्दी से बचाव, निगम ने जलाये अलाव

**कोटद्वार (चिंगारी)।** शहर में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिन से शहर ने कोहरे की चादर ओढ़ी हुई है। ऐसे में नगर निगम ने भी शहर में अलाव की व्यवस्था करनी शुरु कर दी है। शहर में तीन स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। तीन दिन से शहर में कोहरा छाया हुआ है। हालांकि रविवार को हल्की गुनगुनी धूप निकलने से ठंड से थोड़ी राहत महसूस हुई। ठंड से बचाव के लिए लोग हीटर व अलाव का सहारा ले रहे हैं। नगर निगम की ओर से भी स्टेशन रोड, झंडाचौक व लालबत्ती चौराहे के समीप अलाव की व्यवस्था की गई है। इससे स्टेशन में रात के समय पहुंचने वाले यात्रियों को राहत मिल रही है। वहीं, भाबर क्षेत्र के लोग अब भी अलाव का इंतजार कर रहे हैं। रविवार को नगर आयुक्त पीएल शाह ने बताया कि शहर के तीन स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। जल्द ही भाबर क्षेत्र में भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मुनीर बोले- भारत से जंग में अल्लाह की मदद मिली, नहीं तो हालात बिगड़ जाते

## मई में भारत ने 11 पाकिस्तानी एयरबेस तबाह किए थे

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। मेरा खुदा गवाह है कि बुनियान उल मर्सूस में अल्लाह की मदद आई... और हमने अल्लाह की मदद आते हुए देखी, बोलते-बोलते पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर जोश से भर जाते हैं, फिर वो अरबी में कुछ लाइनें पढ़ते हैं और कहते हैं कि हमने महसूस किया है कि अल्लाह से मदद आई। ऑपरेशन सिंदूर के आठ महीने



गुजर गए हैं, लेकिन इस जंग की करारी चोट पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तक नहीं भूल पाए हैं। एक तकरीर के दौरान उन्होंने कहा कि जब भारत से पाकिस्तान की टक्कर हुई तो अल्लाह ने पाकिस्तान की मदद की। पाकिस्तान के नये चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज आसिम मुनीर ने एक मीटिंग में बुनियान उल मर्सूस का जिक्र किया। 7 मई 2025 को भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए पाकिस्तान पर हमला किया और आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के 9 से 10 एयरबेस ध्वस्त कर डाले। पाकिस्तान का दावा है उसके इस दौरान भारत के खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन लॉन्च किया।


400 वर्ष पूर्व 21 से 29 दिसम्बर ( 21 दिस. को आनंदपुर साहब का किला छोड़ा, 22 दिस. को परिवार का विछोरा, 23 दिस. को साहिबजादों की शहीदी, 24 दिस. को सिंहो की शहीदी, 25 दिस. को बीवी हरचरन कौर की शहीदी, 26, 27 दिस. को सुबह की कचहरी में छोटे साहिबजादे की पेशी, 28 दिस. को माता गुजरी व छोटे साहिबजादे की शहीदी, 29 दिस. को साहिबजादां का अंतिम संस्कार ) साहस, शौर्य, वीरता एवं त्याग की प्रतिमूर्ति सिख धर्म के दशम गुरू एवं खालसा पंथ के संस्थापक



गुरु गोविंद सिंह जी महाराज

का पूरा परिवार देश धर्म के लिये बलिदान हुआ था। सनातन धर्म सदैव आपका ऋणी रहेगा।

*शत-शत नमन व हार्दिक श्रद्धांजलि*

श्रद्धावनतः - यशपाल तुली ( समाजसेवी ), नीरज कुमार तुली 'खन्ना जी' ( समाजसेवी ), हितेश तुली ( पूर्व सभासद, न.पा. बिजनौर ), कपिल तुली एवं समस्त पंजाबी समाज, बिजनौर



किराये हेतु

(दो मंजिला मकान)

चांदपुर रोड निकट कोहिनूर बैंकेट हॉल बिजनौर स्थित 6887 वर्ग फीट में बना एक दो मंजिला मकान, जिसमें 4 बड़े कमरे नीचे व 3 बड़े कमरे ऊपर, किचन, बरामदे, आंगन आदि समस्त सुविधाओं से युक्त किराये हेतु उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- 7017085972, 9927004771







### बंगलादेश उच्चायोग की सुरक्षा में कोई चूक नहीं, बंगलादेशी मीडिया दुष्प्रचार से बाज आये- विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बंगलादेश उच्चायोग की सुरक्षा के बारे में बंगलादेशी मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि उच्चायोग की सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई है और लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां स्थित बंगलादेश उच्चायोग के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में रविवार को कहा कि भारत वियना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बंगलादेशी मीडिया इस बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा, हमने इस घटना पर बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाला दुष्प्रचार देखा है। सच यह है कि 20 दिसंबर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और उन्होंने मैमनसिंह में दीपू चंद्रदास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER ELECTRIC DECEMBER

You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*

₹10 000 On Credit Card | ₹10 000 Cash benefits



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female

मैकेनिक Male

E&periance Minimum 1 Years

( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911